प्रधान संपादक : शिव श्रीवास्तव

रांची संस्करण

रविवार 16 जून 2024

● वर्ष 02 ● अंक 127

● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2/- रुपया

श्रमेव जयते, स्पष्टमेव जयते

# श्रमबिन्दु

37 वर्ष 1987-2023

रांची, धनबाद, भिलाई एवं बस्तर से एक साथ प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

डाक पंजीयन क्रं. छ. ग. / दुर्ग/ 13/ 2021- 23 | E-mail : srambindu@gmail.com | shrambindu@yahoo.in | आर.एन.आई. पंजी. क्रं. 54135/88

## कांग्रेस 99 पर क्या पहुंची, देश में सक्रिय हो गए आतंकवादी समूह : भाजपा



**नई दिल्ली।**

भाजपा ने आतंकवादी संगठनों को मुंहतोड़ जवाब देने का दावा करते हुए कहा है कि कांग्रेस 99 पर क्या पहुंची देश में आतंकवादी समूह फिर से सक्रिय हो गए हैं। फैजाबाद में भाजपा की हार के बाद जैश-ए-मोहम्मद अयोध्या में राम मंदिर को उड़ाने की धमकी देने लगा है। भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कांग्रेस 99 पर क्या पहुंची,आतंकवादी समूह सक्रिय हो गए। एक तरफ विपक्ष फैजाबाद में भाजपा की हार का जश्न मना रहा है तो दूसरी तरफ जैश-ए-मोहम्मद अयोध्या में राम मंदिर को उड़ाने की धमकी दे रहा है। कांग्रेस की तरह, उन्हें भी जल्द ही एहसास होगा कि 99 पर कोई केवल 'नैतिक' जीत का ही दावा कर सकता है, सरकार बनाने का नहीं। मुंहतोड़ जवाब मिलेगा।

लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार के अयोध्या से हारने के बाद और पूरे देश के नतीजे आने के बाद से ही विपक्षी दल लगातार भाजपा की जीत पर सवाल उठा रहे हैं। अयोध्या की हार को भाजपा के लिए बड़ी हार बताते हुए विपक्षी दल लोकसभा में भाजपा की सीटों की संख्या कम होने पर भी कटाक्ष कर रहे हैं। उनका दावा है कि यह भाजपा की नैतिक हार है। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों में जम्मू कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में भी बढ़ोतरी देखी गई है। आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने अयोध्या में राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी है। आतंकी धमकी के मद्देनजर अयोध्या में सुरक्षा-व्यवस्था और मजबूत कर दी गई है।

## इटली में PM मोदी का अलहदा अंदाज मेलोनी को नमस्ते,बाइडन और पोप को लगाया गले

**नई दिल्ली ।**

जी7 शिखर सम्मेलन के 'आउटरीच नेशन' सत्र में दुनिया भर के नेताओं ने एक साथ फोटो खिंचवाई। जी7 शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक नेताओं से मुलाकात की।प्रधानमंत्री ने सभी देशों के साथ कई अहम मुद्दों पर चर्चा की।प्रधानमंत्री मोदी ने जी-7 शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इंसियो लूला दा सिल्वा, तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब इरदुगान और यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की। इस दौरान पीएम मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति को गले लगा लिया।

इटली में G7 शिखर सम्मेलन के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने जापान के प्रधानमंत्री किशिदा से मुलाकात की। पीएम मोदी ने कहा कि शांतिपूर्ण, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत के लिए भारत और जापान के बीच मजबूत संबंध महत्वपूर्ण हैं। हम बुनियादी ढांचे और सांस्कृतिक संबंधों को भी और आगे बढ़ाना चाहते हैं। जी-7 सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी ने संयुक्त राष्ट्रीय के सचिव एंटोनियो गुटेरेस से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने गर्मजोशी के साथ एक दूसरे का अभिवादन स्वीकार किया। मौके पर पीएम मोदी ने पोप फ्रांसिस से मुलाकात की। इस मौके पर पीएम मोदी ने लोगों की सेवा करने के लिए पोप की तारीफ की। साथ ही पोप को भारत आने का निमंत्रण भी दिया।

इटली में प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋ षिसुनक से मुलाकात की। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि ब्रिटेन के पीएम मे मिलकर खुशी हुई। मैंने भारत-ब्रिटेन के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्धता दोहराई है। दोनों देशों के बीच सेमीकंडक्टर, प्रौद्योगिकी और व्यापार जैसे क्षेत्रों में संबंधों को गहरा करने की काफी गुंजाइश है। जी-7 के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक-दूसरे को गले लगाया। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति बाइडन से मिलना हमेशा सुखद होता है। भारत और अमेरिका वैश्विक भलाई के लिए एक साथ मिलकर काम करेंगे।


पीएम मोदी ने जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला बिन अल हुसैन से मुलाकात की। इसको लेकर पीएम मोदी ने ट्वीट करते हुए लिखा, 'जी7 शिखर सम्मेलन के मौके पर जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला बिन अल हुसैन से मुलाकात हुई। भारत जॉर्डन के साथ हमेशा मजबूत संबंधों को महत्व देता है।

वैश्विक नेताओं से मुलाकात करते हुए पीएम मोदी ने आज इटली की प्रधानमंत्री और जी7 शिखर सम्मेलन की मेजबान जार्जिया मेलोनी से मुलाकात की। खास बात यह है कि इटली की पीएम ने भारतीय अंदाज में नमस्ते करके पीएम मोदी का स्वागत किया।




### न्यूज अपडेट

### सबके राम सबका देश, उधर इंद्रेश कुमार अपने बयान से पलटे : रामदेव




**हरिद्वार।** भाजपा को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी इंद्रेश कुमार के बयान पर चौतरफा प्रतिक्रियाऐं आ रही है। हरिद्वार के एक कार्यक्रम में योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा है कि भगवान राम सबके हैं और देश भी सबका है। देश में विभाजन का बीज बोना राष्ट्र की एकता के लिए अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा कि हम सभी एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। जाति, संप्रदाय और विचारधाराओं के आधार पर विभाजन पैदा करना राष्ट्रीय एकता के लिए ठीक नहीं है। हालांकि कुछ ही देर बाद संघ के पदाधिकारी इंद्रेश कुमार अपने बयान से पलट गए और उन्होंने कहा कि देश चुनाव में भाजपा के प्रदर्शन और मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से वह खुश हैं। इससे पहले इंद्रेश कुमार ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा था कि जो पार्टी राम की पूजा करती थी, वह अहंकारी हो गई, ऐसे में 2024 के चुनाव में वह सबसे बड़ी पार्टी बन तो गयी, लेकिन जो उसे सत्ता (अकेले पूर्ण बहुमत) मिलनी चाहिए थी, उसे भगवान राम ने अहंकार के कारण रोक दिया।

### भाजपा की चार सदस्यीय समिति करेगी बंगाल का दौरा, हिंसा पर पार्टी अध्यक्ष को सौंपेगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल में हुई राजनीतिक हिंसा पर चार सदस्यीय समिति का गठन किया है। इस समिति का संयोजक सांसद बिप्लब कुमार देब को बनाया गया है। इस समिति में सांसद रविशंकर प्रसाद, सांसद बृजलाल, सांसद कविता पाटीदार शामिल हैं। शनिवार को भाजपा की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पश्चिम बंगाल का दौरा कर स्थिति का तत्काल जायजा लेने और वहां की स्थिति की रिपोर्ट पार्टी अध्यक्ष को देने के लिए एक समिति का गठन किया है। भाजपा का आरोप है कि बाकी राज्यों से उलट पश्चिम बंगाल चुनाव के बाद भी हिंसा की चपेट में बना हुआ है।

### दक्षिण अफ्रीका के दोबारा राष्ट्रपति चुने गए रामफोसा, 19 को लेंगे शपथ

**केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीका की सत्तारूढ़ पार्टी एएनसी के नेता सिरिल रामफोसा को संसद ने एक बार फिर राष्ट्रपति चुन लिया है। नेशनल असेंबली की बैठक की अध्यक्षता करने वाले मुख्य न्यायाधीश रेमंड ज़ोंडो ने ऐलान किया कि राष्ट्रपति चुनाव में रामफोसा को 283 वोट मिले, जबकि इकोनॉमिक फ्रीडम फाइटर्स के उम्मीदवार जूलियस मालेमा को 44 वोट हासिल मिले हैं। मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक दोबारा राष्ट्रपति चुने जाने के बाद रामफोसा ने अपने पहले संबोधन में कहा कि उन्होंने दोबारा राष्ट्रपति बनने को एक बड़ी जिम्मेदारी के रूप में माना है। वह उन लोगों के साथ भी काम करेंगे जिन्होंने उनका समर्थन नहीं किया। मई के अंत में हुए आम चुनावों के परिणामों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि देश के लोग अपने नेताओं से मिलकर काम करने की उम्मीद करते हैं। रामफोसा ने आगे कहा कि अपने वोटों के जरिए लोग उम्मीद करते हैं कि गैर-नस्लवाद, गैर-लिंगवाद पर आधारित शांति और न्याय पर आधारित लोकतांत्रिक समाज के उद्देश्यों को प्राप्त करने, स्थिरता सुनिश्चित करने और गरीबी, बेरोजगारी और असमानता की तिहरी चुनौतियों से निपटने, सबके लिए समृद्धि हासिल करने के लिए सभी दल संविधान के ढांचे के अंदर रहकर एक साथ मिलकर काम करेंगे।



## मोदीजी के पास जनादेश नहीं, यह अल्पमत की सरकार कभी भी गिर सकती है



**नई दिल्ली।** देश में बीजेपी नीत एनडीए गठबंधन की सरकार सत्ता पर काबित हो गई है जो विपक्ष को रास नहीं आ रही है। अब इसको लेकर विपक्ष तरह तरह की बातें कर रहा है। वहीं कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र में गठबंधन सरकार गलती से बनी गई है और वह कभी भी गिर सकती है। लोकसभा चुनावों में बीजेपी को 240 सीटें मिलीं थी और वह बहुमत हासिल नहीं कर सकी थी। बीजेपी नीत घटक दलों यानी एनडीए को पूर्ण बहुमत मिला है। खड़गे ने कहा है कि एनडीए सरकार गलती से बन गई है। मोदीजी के पास जनादेश नहीं है। यह अल्पमत की सरकार है। यह सरकार कभी भी गिर सकती है। हम चाहते हैं कि यह सरकार चलती रहे। देश के लिए यह अच्छा हो। हमें सरकार के साथ मिलकर देश को मजबूत बनाने के लिए काम करेंगे लेकिन हमारे पीएम मोदी की आदत है कि वे किसी चीज को चलने नहीं देते। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे के कटाक्ष पर जेडीयू ने कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन के प्रधानमंत्रियों के स्कोरकार्ड की याद दिलाई। बिहार के पूर्व आईपीआरडी मंत्री और जेडीयू एमएलसी नीरज कुमार ने खड़गे की जानकारी पर सवाल उठाया। उन्होंने उनसे पीवी नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह की कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों के स्कोरकार्ड के बारे में पूछा। 1991 के आम चुनाव में कांग्रेस ने 2024 में बीजेपी के बराबर सीटें जीती थीं। जब कोई पार्टी बहुमत हासिल नहीं कर पाई, तो कांग्रेस ने रिटायर हो चुके नरसिम्हा राव के नेतृत्व में अल्पमत की सरकार बनाई।

## रुद्रप्रयाग में भीषण हादसे में 10 लोगों की मौत

**एजेंसी। रुद्रप्रयाग**

• यात्रियों को ले जा रहा टेंपो ट्रैवलर अलकनंदा नदी में गिरा



उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग स्थित अलकनंदा नदी में एक अंेपो ट्रैवलर के गिरने से भीषण हादसा हो गया। करीब 16-17 यात्रियों को ले जा रहा टेंपो ट्रैवलर बद्रीनाथ हाइवे पर गहरी खाई में गिर गया, जिससे 9 लोगों की मौत हो गई। जानकारी अनुसार घटना की जानकारी मिलने के बाद ही एसडीआरएफ की टीम घटना स्थल पहुंच गई है। पुलिस और प्रशासन की टीमें भी घटना स्थल में पहुंचकर राहत व बचाव कार्य में लग गई। घटना के संबंध में एसडीआरएफ ने जानकारी देते हुए बाताया है कि घटना स्थल से दो घायलों को बाहर निकाल लिया गया है। वहीं बचाव दल का कहना था कि रुद्रप्रयाग में बद्रीनाथ हाईवे के पास एक टेम्पो ट्रैवलर गहरी खाई में गिरा है। सूचना मिलने के फौरन बाद घटना स्थल पहुंची एसडीआरएफ और पुलिस की टीमों ने बचाव कार्य शुरु कर दिया है। दो घायलों को टीम ने रेस्क्यू कर एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचा दिया है। एक अन्य जानकारी में बताया गया कि रुद्रप्रयाग में बद्रीनाथ हाइवे पर हुए एक्सिडेंट में वाहन अलकनंदा नदी में गिरा हुआ मिला है। अलकनंदा नदी के किनारे मिले क्षतिग्रस्त वाहन को देखकर ही समझा जा सकता है कि दुर्घटना कितनी भयावह रही होगी। कुछ लोगों का कहना है कि इस हादसे में कुछ स्थानीय लोगों के भी घायल होने का अंदेशा है। इस मामले में प्रशासनिक पुष्टि किए जाने का इंतजार किया जा रहा है। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि दुर्घटना भयावह थी। हाइवे से लहराती हुई आई टेंपो ट्रैवलर गाड़ी अचानक गहरी खाई से होते हुए नदी किनारे तक पहुंच गई। इस हादसे में अब तक 9 लोगों की मौत होने की बात सामने आई है। वहीं, कुच्छ अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। दुर्घटना के बाद 12 लोगों को रेस्क्यू कर लिया गया है। एक अन्य दावे में कहा गया है कि टेंपो ट्रैवलर में 26 यात्री सवार थे, जबकि पहले मिली जानकारी अनुसार इसमें महज 17 यात्रियों के होने की बात कही गई थी। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी चिकित्सालय में भेजा गया है।

### प्रथम चंद्रमा मिशन 'चंद्रयान-1' के निदेशक श्रीनिवास हेगड़े का निधन

**बेंगलुरु।** प्रथम चंद्रमा मिशन 'चंद्रयान-1' के निदेशक श्रीनिवास हेगड़े का शुक्रवार को यहां निधन हो गया। 71 वर्षीय हेगड़े ने एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह कुछ समय से अस्वस्थ थे। उनका इस अस्पताल में इलाज चल रहा था। उनके परिवार में पत्नी और दो पुत्र हैं। हेगड़े तीन दशक से अधिक समय तक भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) से संबद्ध रहे। उन्होंने अंतरिक्ष एजेंसी के कई ऐतिहासिक मिशन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनमें से सबसे उल्लेखनीय 2008 में लॉन्च किया गया चंद्रयान -1 था। यह भारत का पहला चंद्र मिशन था। इस मिशन ने चंद्रमा पर पानी के अणुओं की अभूतपूर्व खोज की। सेवानिवृत्ति के बाद वह बेंगलुरु स्थित स्टार्ट-अप टीम इंडस से जुड़े थे।

## नेपाल भारतीय पर्यटकों के लिए बढ़ाएगा करेंसी लिमिटः कार्की



**नई दिल्ली।** नरेंद्र मोदी के तीसरे बार प्रधानमंत्री बनने के बाद पड़ोसी देश भारत के साथ दोस्ती और अच्छे संबंध बनाने पर जोर दे रहे हैं। वहीं भारत के पड़ोसी देश नेपाल की सरकार ने नेपाल घूमने जाने वाले भारतीय पर्यटकों के लिए करेंसी लिमिट बढ़ाने और वाहन चेकिंग को सुलभ और सरल बनाने का फैसला लिया है। इससे न सिर्फ नेपाल के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। बल्कि भारतीय पर्यटकों को होने वाली कठिनाइयों से भी निजात मिलेगी। भारत और नेपाल के बीच बेटी रोटी के रिश्ते को और मजबूत करने के लिए नेपाल के कोशी प्रांत के सीएम हिक्मत कुमार कार्की ने भारत और नेपाल के रिश्तों पर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने नेपाल और भार के प्रधानमंत्री से अपील की है कि वे इस रिश्ते को मजबूत करने के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि नेपाल और भारत के बीच सदियों से बेटी रोटी का संबंध रहा है। इसे और मजबूत करने की जरूरत है। इसके लिए दोनों देशों को इस पर विचार करना चाहिए। कार्की ने यह बयान भारत-नेपाल बॉर्डर के सीमावर्ती क्षेत्र ईटहरी में आयोजित इस्टर्न ट्रैवल मार्ट 2024 पर दिया। यह पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया था। इसमें नेपाल, बिहार और भारत के कई राज्यों से पहुंचे पत्रकारों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नेपाल के पर्यटक स्थलों को भारत के लोगों को आकर्षित करना था। इस मौके पर मुख्यमंत्री कार्की ने कहा कि पर्यटकों के लिए जो दिक्कत है, उसका समाधान जल्द करने का पहल जारी है।

## चीन के खिलाफ G-7 एकजुटः आर्थिक प्रतिबंधों की चेतावनी; रूस की मदद करने वाली चीनी कंपनियों पर भी होगी कार्रवाई




**नई दिल्ली।**

दुनिया की सात सबसे बड़ी और विकसित अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों के समूह जी-7 के शिखर सम्मेलन में चीन के खिलाफ कड़े आर्थिक प्रतिबंधों के संकल्प प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इस पर भी सहमति जताई कि उन चीनी कंपनियों के खिलाफ कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाए जाएंगे, जिन्होंने यूक्रेन के खिलाफ रूस की मदद की है। खासतौर पर चीन के उन वित्तीय संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे, जिन्होंने रूस को यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के लिए हथियार हासिल करने में मदद की है।

शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन जी-7 में शामिल मेजबान इटली के साथ अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, जापान और कनाडा ने चीन के खिलाफ दो संकल्पों को मंजूरी दी। इनमें उन संस्थाओं के खिलाफ भी प्रतिबंध लगाने का वादा किया है, जिन्होंने धोखाधड़ी से तेल की ढुलाई करके रूस को प्रतिबंधों से बचने में मदद की है। जी-7 नेताओं ने साझा वक्तव्य में कहा कि वे यूक्रेन के खिलाफ रूस की मदद करने वाली तीसरे देशों की संस्थाओं और व्यक्तियों को अपनी वित्तीय प्रणालियों तक पहुंच से प्रतिबंधित करेंगे। जी-7 ने चीन के अनुचित व्यापारिक व्यवहार के खिलाफ भी कार्रवाई का संकल्प लिया है। खासतौर पर चीन के साथ व्यापार घाटे को कम करने पर जोर देने की बात कही है। इसके अलावा, चीन को निर्यात नियंत्रण के जरिये आपूर्ति शृंखलाओं को प्रभावित करने से परहेज करने की चेतावनी दी गई है, खासतौर पर चिप व इलेक्ट्रॉनिक्स के निर्माण में काम आने वाले अहम खनिजों पर एकतरफा निर्यात प्रतिबंधों को अनुचित करार दिया। जी-7 ने चीन की कुटिल चालों से अपने व्यवसायों की रक्षा करने और चीन के साथ व्यापार में संतुलन लाने के लिए कार्रवाई करने की बात की है।

मसौदा बयान में कहा गया कि हम दक्षिण चीन सागर में चीन के सैन्य बल और समुद्री मिलिशिया के खतरनाक इस्तेमाल और देशों की गहरे समुद्रों में नौवहन की स्वतंत्रता में बार-बार बाधा डालने, बलपूर्वक एवं धमकाने वाली गतिविधियों का विरोध करना जारी रखेंगे।

समूह अपने साझा बयान में गर्भपात के अधिकार को लेकर प्रतिबद्धता से पीछे हट गया है। पिछले साल जापान में हुए शिखर सम्मेलन में समूह के नेताओं ने दुनिया में सुरक्षित और कानूनी गर्भपात तक महिलाओं की पहुंच के मुद्दे को उठाया था, लेकिन अब इस मुद्दे को छोड़ दिया गया है। बताया जा रहा है कि इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलनी के विरोध के बाद इस मुद्दे को मसौदे में शामिल नहीं किया गया। मेलनी के रवैये से फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों नाराज भी हो गए।

## प्रधानमंत्री मोदी किसान योजना की 17वीं किस्त 18 जून को वाराणसी से करेंगे जारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पीएम किसान योजना के तहत 20,000 करोड़ रुपये की 17वीं किस्त वाराणसी से 18 जून को जारी करेंगे। इस मौके पर स्वयं सहायता समूहों को प्रमाण पत्र प्रदान करेंगे। यह जानकारी केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को पत्रकार वार्ता में दी। केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने आज कहा कि कृषि व किसान प्रधानमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद सबसे पहले 9.26 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसानों को पीएम किसान योजना के तहत 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि की 17वीं किस्त वाराणसी से जारी की जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी यहां पर 30,000 से अधिक स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को कृषि सखियों के रूप में प्रमाण पत्र भी प्रदान करेंगे। एक प्रतीक के रूप में प्रधानमंत्री 5 कृषि सखियों को प्रमाण पत्र वितरित करेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि किसान सम्मान निधि 24 फरवरी 2019 को शुरू की गई एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, जिसका उद्देश्य भूमि-धारक किसानों की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करना है। भारत सरकार ने देश भर में अब तक ऐसे 11 करोड़ से अधिक किसानों को 3.04 लाख करोड़ रुपये से अधिक धनराशि का वितरण किया है। इस बार योजना की शुरुआत से लाभार्थियों को हस्तांतरित कुल राशि 3.24 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने बताया प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत प्रत्यक्ष लाभ अंतरण मोड (डीबीटी) के माध्यम से देश भर के किसानों के परिवारों के बैंक खातों में हर चार महीने में तीन समान किस्तों में 6,000 रुपये प्रति वर्ष का वित्तीय लाभ हस्तांतरित किया जा रहा है। वहीं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 4 करोड़ से ज्यादा किसानों को आर्थिक सुरक्षा की गारंटी दी गयी है।

## न्यूज़ अपडेट

### सड़क पर बाइक पलटने से युवक घायल

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला के घाटशिला थाना क्षेत्र के काशीदा स्थित एनएच 18 फोरलेन के अंडरपास के समीप शनिवार को अनियंत्रित होकर बाइक पलटने से तामकपाल गांव निवासी युवक लोचन नाथ गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दुर्घटना में बाइक के परखच्चे उड़ गए हैं. घायल अवस्था में उसे स्थानीय लोगों की मदद से घाटशिला अनुमंडल अस्पताल लाया गया. अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आर एन सोरेन ने घायल का प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार तामकपाल निवासी लोचन नाथ फुलडुंगरी किसी काम से आया था. लौटने के क्रम में काशिदा अंडरपास के समीप सड़क पर बने बंपर को नहीं देख पाया और गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई. इस दुर्घटना में लोचन नाथ के सर तथा मुंह सहित शरीर के अन्य हिस्से में काफी गंभीर चोट लगी है।

### कदमा से चोरी के सामान के साथ चोर धराया

**जमशेदपुर।** कदमा थाना अंतर्गत तानसा रोड स्थित टीआर टाईप 61/62 क्वॉर्टर में चोरी करने वाले सूरज कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सूरज कदमा थाना क्षेत्र के ब्लॉक नंबर 4 का रहने वाला है। सूरज के पास से पुलिस ने चोरी किया गया गला का चेन, कान की दो बाली और नकद बरामद किया है। इस संबंध में रीमा टुडू के बयान पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। सूरज के साथ उसका एक साथी भी मौजूद था जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

### कदमा में तोड़फोड़, प्राथमिकी दर्ज

**जमशेदपुर।** कदमा थाना अंतर्गत मल्टीपर्पस कॉन्वेशन सेंटर में तोड़फोड़ के बाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जेयूआईडीसीओ के सहायक परियोजना प्रबंधक मो. साहिद के बयान पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की हैं। शिकायत के अनुसार घटना 12 जून की है। अज्ञात लोगों द्वारा सेंटर में तोड़फोड़ की गई है। इधर, पुलिस आस-पास लगे सीसीटीवी फूटेज की मदद से आरोपियों की पहचान शुरू कर दी है।

### बर्मामाइंस थाना में मारपीट की शिकायत

**जमशेदपुर।** बर्मामाइंस थाना अंतर्गत मोना रोड में विभा देवी के घर में घुसकर मारपीट की गई थी। इस संबंध में विभा देवी के बयान पर राजा ठाकुर, पारस, लंगड़ा, विकास, शुभम, विक्की, दिलखुश और शिवा के खिलाफ चोरी, छिनतई, छेड़खानी और मारपीट करने का मामला दर्ज किया गया है। शिकायत के अनुसार घटना 12 जून के दोपहर की है. शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि 12 जून को सभी अचानक घर पर घुसे और छिनतई करते हुए मारपीट करने लगे. इधर, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### ओलीडीह, मानगो और साकची से वारंटी गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** सिटी एसपी द्वारा क्राइम मीटिंग करने के बाद शहर के थाना प्रभारियों ने पुराने मामले को निपटाना शुरु कर दिया है। ओलीडीह पुलिस ने साल 2023 के एक मामले में वारंटी हयात नगर निवासी मो शहबाद उर्फ शहनाज उर्फ कुबड़ा को गिरफ्तार किया वहीं मानगो पुलिस ने साल 2014 के एक मामले में शंकोसाई रोड नंबर 5 केदार बगान निवासी दीपू कुमार को गिरफ्तार किया है. इधर, साकची पुलिस ने भई साल 2020 के एक मामले में मानगो शंकोसाई रोड नंबर एक निवासी धर्मवीर शर्मा को गिरफ्तार किया. सभी के खिलाफ कोर्ट से वारंट निर्गत किया गया था. जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### मानगो में ट्रक के धक्के से युवक घायल

**जमशेदपुर।** मानगो थाना अंतर्गत मानगो पुल दुर्गा मंदिर के पास एक ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस घटना में मानगो गुनमय कॉलोनी निवासी सरदार अवतार सिंह घायल हो गए। घटना के बाद अवतार सिंह ने मानगो थाना में वाहन चालक के खिलाफ तेजी एवं लापरवाही से वाहन चलाकर धक्का मारने की प्राथमिकी दर्ज कराई है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सुंदरनगर में 3 किलो 400 ग्राम गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार




**जमशेदपुर।** सुंदरनगर पुलिस ने 3 किलो 400 ग्राम गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर का नाम बुधू पात्रो है. वह हितकू का रहने वाला हैं शनिवार को मामले का खुलासा करते हुए ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति ओडिशा से गांजा लेकर जा रहा हैं सूचना पर पुलिस ने खुखराडीह में छापेमारी अभियान चलाया. इस दौरान एक बाइक सवार व्यक्ति को रोककर तलाशी ली गई. तलाशी के क्रम में झोला से 3 किलो 400 ग्राम गांजा बरामद किया गयां पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम बुधू पात्रो बताया. उसने कहा कि वह हितकू का रहने वाला है. वह ओडिशा से गांजा लेकर आता है और उसे अपने गांव में बेचता है. बरामद गांजा की कीमत 40 से 50 हजार रुपए आंकी गई है. पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया हैं।

# जिला प्रशासन और केन्द्रीय शांति समिति की बैठक में सौहार्दपूर्ण वातावरण में बकरीद का त्योहार मनाने की अपील

## सोशल मीडिया एवं असामाजिक तत्वों पर रहेगी कड़ी निगरानी, अफवाहों पर नहीं दें ध्यान- डीसी

## बकरीद के दिन खुले स्थान पर नहीं हो कुर्बानी, थाना प्रभारी विशेष निगरानी रखें- एसएसपी



**जमशेदपुर।**

ईद-उल-अज़हा (बकरीद) को लेकर साकची रविन्द्र भवन सभागार में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने केन्द्रीय शांति समिति सदस्यों के साथ बैठक कर विधि व्यवस्था संधारण में सहयोग की अपील की। इस दौरान शांति समिति सदस्यों का पेयजल, बिजली, साफ-सफाई, असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई संबंधी शिकायत एवं सुझावों को सुना गया तथा समयबद्ध कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया गया। जिले के वरीय पदाधिकारियों ने अपील किया कि जिलेवासी शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनायें, सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था संधारण के दृष्टिकोण से प्रशासन द्वारा सभी एहतियाती कदम उठाये जा रहे हैं। नगर निकाय पदाधिकारियों को शहरी क्षेत्र में साफ-सफाई सुनिश्चित करने, पेयजल विभाग को क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था समुचित रखने व विद्युत विभाग को बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने तथा आवश्यकतानुसार स्ट्रीट लाईट व हाईमास्ट लाईट की मरम्मती का निर्देश दिया गया। जिला उपायुक्त ने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने पर संबंधित व्यक्ति, पेज व ग्रुप एडमिन पर विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सोशल मीडिया पर डेडिकेटेड टीम द्वारा सतत निगरानी रखी जा रही है। उन्होने जिलेवासियों से अपील किया कि किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचें, कोई आपत्तिजनक या भ्रामक सूचना प्राप्त होती है तो प्रशासन से पुष्टि जरूर करा लें। उन्होने प्रतिनियुक्ति दण्डाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी को ससमय प्रतिनियुक्ति स्थल पर उपस्थित होने के निर्देश दिए। वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पर्याप्त संख्या में दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। बकरीद के दिन खुले स्थान में कुर्बानी ना दी जाए, थाना प्रभारी इसपर विशेष निगरानी रखेंगे। साथ ही कुर्बानी के बाद वेस्ट मेटेरियल का निपटारा समुचित ढंग से किया जाए जिससे गंदगी न फैले तथा कोई विवाद की स्थिति उत्पन्न नहीं हो यह सुनिश्चित किया जाए । उन्होने सभी डीएसपी एवं थाना प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए धार्मिक स्थलों में निगरानी रखे जाने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, सिटी एसपी मुकेश लुणायत, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनंत कुमार, अपर उपायुक्त रोहित सिन्हा समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मायुमं स्टील सिटी सुरभि शाखा के रक्तदान शिविर में 75 यूनिट रक्त संग्रह




**जमशेदपुर।**

मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस एवं फादर्स डे के अवसर पर शनिवार को रक्तदान शिविर सह सशक्त संबल सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। साकची रेडक्रॉस भवन में आयोजित इस रक्तदान शिविर में रक्तदान करने हेतु अपने पिता के साथ आने वाले लगभग एक दर्जन पुत्र, पुत्री को भी सम्मानित किया गया। स्व. सागरमल अग्रवाल की पुण्य स्मृति में आयोजित रक्तदान शिविर प्रातः 10 बजे से संध्या 4 बजे तक चला, जिसमें 75 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। शिविर सह सम्मान समारोह का उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर बतौर अतिथि विधायक मंगल कालिंदी, मारवाड़ी युवा मंच के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अरूण गुप्ता, समाजसेवी डा. आरके अग्रवाल, संतोष अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। आज के सभी कार्यक्रम सुरभि शाखा अध्यक्ष कविता अग्रवाल और संयोजिका ज्योति अग्रवाल के संयुक्त नेतृत्व में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। सम्मान समारोह का सफल संचालन शाखा सदस्य शालिनी गुप्ता ने किया। सभी अतिथियों ने रक्तदान को महादान बताया और सुरभि शाखा द्वारा जनहित में किये जा रहे कार्यो की प्रशंसा की। इनको मिला सशक्त संबल सम्मान समारोहः- कमल अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल (गोल्डी) उमेश शाह, मोहित शाह, छीतरमल धूत, नितेश धूत, नंदकिशोर अग्रवाल, डा. अदिति अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, सार्थक अग्रवाल, विनीत सरायवाल, कैलाश सरायवाला, वत्सल सिंघानिया, अनिल सिंघानिया, विमल रिंगसिया, दिव्या अग्रवाल, मुरलीधर केडिया, मानव केडिया, राजकुमार चंदुका एवं स्नेहा चंदुका को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सशक्त संबल सम्मान से सम्मानित किया गया। इसे सफल बनाने में पूजा अग्रवाल, पायल अग्रवाल, मनीषा संघी, उषा चौधरी, सार्थक अग्रवाल आदि का योगदान रहा।

## बालू की किल्लत से विकास कार्य हो रहे हैं ठप- सिंहभूम चेम्बर

**जमशेदपुर।**



सिंहभूम चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने कोल्हान सहित पूरे राज्य में बालू की किल्लत से हो रही विकास के कार्यों में रूकावट और अन्य समस्याओं को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन का पत्र के माध्यम से ध्यानाकृष्ट कराते हुये जल्द से जल्द से इसे दूर करने का आग्रह किया है। यह जानकारी मानद महासचिव मानव केडिया ने दी। अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से कोल्हान समेत पूरे राज्य में बालू की किल्लत देखी जा रही है। राज्य के विकास हेतु चल रहे बड़े निर्माण कार्यों जैसे, उद्योग हेतु फैक्ट्री/प्लांट्स, सड़क के साथ बिल्डर्स एवं रियल स्टेट के कार्यों को पूरा करने हेतु बालू कि अति आवशयकता है लेकिन पिछले कुछ महीनों से राज्य में बालू की किल्लत हो जाने से यह सभी निर्माण के कार्यों में जो तेजी आनी चाहिए थी वो नहीं हो पा रही है तथा कुछ निर्माण कार्य पूरी तरह से ठप पड़े हैं। इससे राज्य के विकास की गति भी रूक गई है और राज्य के राजस्व में क्षति हो रही है। इसलिये जल्द से जल्द इसकी किल्लत को राज्य सरकार के द्वारा उचित कदम उठाते हुये दूर किया जाना चाहिए। चेम्बर के अन्य पदाधिकारी क्रमशः पुनीत कांवटिया, बिनोद शर्मा, अनिल मोदी, राजीव अग्रवाल, भरत मकानी, अंशुल रिंगसिया, अनिल रिंगसिया ने भी कोल्हान एवं राज्य में बालू की किल्लत से ठप पड़े विकास कार्यों में तेजी लाने के लिये जल्द से जल्द बालू की किल्लत को दूर करने का आग्रह राज्य के मुख्यमंत्री से किया है। उन्होंने बताया कि बालू की कमी से छोटे-मोटे पूर्व निर्मित भवन, घर मरम्मतीकरण के कार्य जैसे टाईल्स, पाईप फिटिंग्स एवं अन्य दूसरे कार्यों में रूकावट आ रही है। इस क्षेत्र से जुड़े दूसरे सामानों के व्यापार में भी गिरावट देखी जा रही है। फलस्वरूप इस क्षेत्र से जुड़े व्यवसायी, कामगारों, छोटे दिहाड़ी मजदूरों और इनसे संबंधित लाखों लोगों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है और राज्य में बेरोजगारी बढ़ने की भी आशंका है।

## झारखंड में 17 जून से बारिश की संभावना, आज भी कई जिलों में चलेगी लू

**जमशेदपुर।**



झारखंड के लोगों को जल्द ही गर्मी से राहत मिलने का अनुमान है. क्योंकि, मौसम विभाग की मानें तो 17 जून से राज्य के कई हिस्सों में बारिश के साथ वज्रपात की संभावना जतायी गयी है. इस दौरान हवा की गति 40 से 50 किमी प्रति घंटा की हो सकती है. हालांकि, इस दिन उत्तर पश्चिमी भाग यानी कि पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार और लोहरदगा में हीट वेव के भी आसार हैं.वहीं, अगर हम रविवार के मौसम की बात करें तो पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायरेला-खरसांवा में कहीं हीट वेव चलने की संभावना जतायी है. हालांकि इस दौरान रांची के आसपास के इलाकों में हल्की बारिश के आसार हैं. जबकि अधिकतम तापमान 40 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 28 डिग्री रहने की संभावना है. रांची के मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 18 जून को राज्य के अधिकतर हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना जतायी गयी है. लेकिन इस दिन गढ़वा, पलामू, लातेहार और चतरा में की बारिश की संभावना कम है. जबकि 19 जून को भी अधिकतर इलाकों में हल्की बारिश के साथ वज्रपात की भी संभावना जतायी गयी है.झारखंड में अभी मॉनसून का आगमन नहीं हुआ है, मौसम विभाग की मानें तो 17 जून से झारखंड में मॉनसून प्रारंभ होने का अनुमान व्यक्त किया गया है. लेकिन वैज्ञानिकों का कहना है कि 18 या 19 जून के बाद ही मॉनसून राज्य में पूरी तरह से प्रभावी होगा।

## परसुडीह में रेलवे कर्मचारी के क्वार्टर में चोरी



**जमशेदपुर।**

परसुडीह थाना अंतर्गत ऑफिसर क्लब के पास क्वार्टर नंबर 405/1 निवासी रेल कर्मचारी राजू बिंदू के घर चोरी हो गई। राजू अपने परिवार संग अपने गांव मुंगेर गए हुए थे. पड़ोसियों ने घर में चोरी होने की सूचना दी जिसके बाद वे शनिवार सुबह अपने घर पहुंचे. उन्होंने पाया कि घर में सारा सामान बिखरा हुआ है और घर में चोरी कर ली गई है. चोरों ने घर पर रखे बच्चों के गुल्लक को भी नहीं छोड़ा। राजू ने परसुडीह थाना में मामले की लिखित शिकायत की है। राजू के अनुसार घर से नकद समेत 1.50 लाख की चोरी हुई है. राजू टाटानगर स्टेशन में एकाउंट विभाग में कार्यरत हैं। राजू ने बताया कि बच्चों की छुट्टी होने के कारण वे पूरे परिवार संग 7 जून को मुंगेर अपने गांव गए थे. 18 जून को वापसी होनी थी. इसी बीच शुक्रवार को पड़ोसी ने फोन कर बताया कि क्वार्टर का दरवाजा खुला है. सूचना पर वे छपरा-टाटा एक्सप्रेस से शनिवार सुबह शहर पहुंचे. घर पहुंचने पर देखा की मेन गेट पर लगा ताला टूटा हुआ है और दरवाजे को तोड़ा गया है. घर में सारा सामान बिखरा पड़ा है. चोरों ने अलमीरा को तोड़कर उसमें रखे गहने और पैसों की चोरी की है. चोर अपने साथ एक टीवी, म्यूजिक सिस्टम, टेबल फैन, गहने और घर में रखे चार हजार नकद ले गए।

## जादूगोड़ा थाना में बकरीद को लेकर संपन्न हुई शांति समिति की बैठक

**जादूगोड़ा ।** आगामी बकरीद के त्योहार को लेकर जादूगोड़ा थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई . इस बैठक में पोटका के प्रखंड विकास पदाधिकारी अभय कुमार द्विवेदी भी शामिल हुए .

बैठक में आये सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने कहा की जादूगोड़ा थाना क्षेत्र में काफी शांति और उत्साह से हर पर्व मनाया जाता है. बकरीद का त्योहार भी इसी तरह से मनाया जाना चाहिए. इसके लिए समाज के सभी वर्गों का सहयोग जरुरी है. प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा की हमारे देश में हर किसी को अपने संस्कृति के अनुरूप त्यौहार मनाने की स्वतंत्रता है . सभी लोग शांति से एक दुसरे के मजहब का सम्मान करते हुए हर पर्व को मनाएं. सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार का ऐसा पोस्ट नहीं करे जिससे किसी दुसरे वर्ग की भावनाएं आहत हों . प्रशासन आपके साथ है .

इस बैठक में जादूगोड़ा थाना के पुलिस पदाधिकारियों सहित सभी गणमान्य लोग उपस्थित थे .



## ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल का रोड सेफ्टी अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित

**जमशेदपुर।**




ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल, जमशेदपुर द्वारा रोड सेफ्टी अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन बीएमडब्ल्यू इंडस्टरीज लिमिटेड, गम्हारिया में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड के जनरल मैनेजर प्रशांत चौधरी एवं मैनेजर एच आर एंड एडमिन भुवनेश पारीक ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में न्यूरोसर्जन डॉ राजीव महर्षि ने उपस्थित कर्मचारियों को रोड सेफ्टी के बारे में बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इस दिन को मनाया जाता है। भारत में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या दुनिया में सबसे अधिक है और यह एक गंभीर चिंता का विषय है। सड़क सुरक्षा दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हमारी और दूसरों की सुरक्षा हमारे हाथ में है। डॉ महर्षि ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें प्रमुख हैः- अधिक गति से वाहन चलाना दुर्घटनाओं का एक मुख्य कारण है। शराब या अन्य नशीली पदार्थों के सेवन के बाद वाहन चलाना बेहद खतरनाक है। मोबाइल फोन का उपयोग, संगीत सुनना, या अन्य किसी प्रकार की असावधानी से भी दुर्घटनाएं हो सकती हैं। लाल बत्ती कूदना, गलत दिशा में गाड़ी चलाना आदि से भी दुर्घटनाएं होती हैं। डॉ महर्षि ने रोड सेफ्टी डे के महत्व को बताते हुए समझाया कि हमें यातायात के नियमों का पालन सख्ती से करना चाहिए। हेलमेट, सीट बेल्ट, आदि का सही तरीके से उपयोग करना चाहिए। साथ ही हमेशा सतर्क रहकर और संभावित खतरों को ध्यान में रखकर वाहन चलाना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित प्रशांत चौधरी ने बताया कि सामुदायिक कार्यक्रमों के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई जानी चाहिए।

## लू लगने से बहन की मौत, भाई गंभीर

**जमशेदपरु।**



पूर्वी सिंहभूम जिला के घाटशिला थाना क्षेत्र के गुड़ाझोर गांव की 8 वर्षीय बच्ची की मौत शनिवार को लू लगने से हो गई. जबकि बच्ची का भाई गंभीर अवस्था में घाटशिला अनुमंडल अस्पताल में इलाजरत है। जानकारी के अनुसार गुड़ाझोर निवासी मलिन्दर सिंह का पुत्र सुमन सिंह (10 वर्ष) एवं पुत्री रेणुका सिंह (8 वर्ष) पिछले दो-तीन दिनों से बुखार से पीड़ित थी। मलिंद सिंह की पत्नी गांव के ही झोलाछाप डॉक्टर से दवा लेकर दोनों को दे रही थी. लेकिन बुखार बढ़ता ही जा रहा था. वह तबीयत अधिक बिगड़ने पर शनिवार को टेंपो से इलाज के लिए घाटशिला अनुमंडल अस्पताल दोनों को लेकर आ रही थी. इसी दौरान रास्ते में ही बच्ची रेणुका की मौत हो गई. जबकि बच्चा को अस्पताल लाया गया जहां वह गंभीर अवस्था में है और उसका इलाज चल रहा है। घाटशिला अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सक डा. जुली कुमारी के अनुसार बच्ची जब तक अस्पताल पहुंची उसकी मौत हो चुकी थी. शरीर के तापमान अधिक होने के कारण संभावना जताई जा रही है कि इसकी मौत लू से ही हुई है. बता दें कि घाटशिला में पिछले 48 घंटे के अंदर लू से एक बच्चा समेत दो व्यक्ति की मौत हो चुकी है. शुक्रवार को दाहीगोड़ा निवासी डीवर पूर्ति की मौत लू लगने से हो गई थी. वहीं शनिवार को बच्ची रेणुका सिंह की मौत हुई है।

न्यूज़ अपडेट

## सीमा सुल्क अधिकारियों ने पकड़ा 6 लाख का विदेशी माल

**रांची।** सीमा शुल्क, आयुक्तालय पटना के अंतर्गत राँची सर्किल के अधिकारियों द्वारा प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर यात्री बस की तलाशी के दौरान रॉंची-जमशेदपुर रोड पर रामपुर (राँची) के समीप अवैध रूप से छिपाकर लाए जा रहे विदेशी मूल के मोबाइल एलसीडी टच स्क्रीन डिस्प्ले को दिनांक 14.06.2024 को सीमा शुल्क के अधिकारियों ने जब्त किया।




उपरोक्त जब्त किये गये मोबाइल एलसीडी टच स्क्रीन डिस्प्ले जो कि चीनी मूल के हैं एवं उन्हें प्लास्टिक के बोरे के अन्दर कार्टन में छिपाकर रखा गया था और इन्हें अवैध रूप से तस्करी करके ले जाया जा रहा था। जब्त किये गए मोबाइल एलसीडी टच स्क्रीन डिस्प्ले की कुल संख्या 300 पीस है जिनका अनुमानित मूल्य 5 लाख 74 हजार के करीब है। यहाँ ध्यान देने योग्य बात है कि उपरोक्त मोबाइल सामग्री को उचित सीमा शुल्क एवं अन्य शुल्क के भुगतान के बगैर भारतीय सीमा में अवैध रूप से तस्करी के द्वारा लाया गया था एवं किसी दुसरे स्थान पर अवैध रूप से छिपाकर ले जाया जा रहा था। इस अवैध तस्करी के प्रयास को सीमा शुल्क के अधिकारियों ने तत्पर कार्रवाई करते हुए विफल कर दिया।

पिछले कुछ समय से सीमा शुल्क आयुक्तालय पटना के द्वारा तस्करी के खिलाफ सघन एवं व्यापक अभियान छेड़ा गया है और इसके फलस्वरूप तस्करी के अनेकों सामान जब्त किये गए हैं। अधिकारियों ने बताया की फिलहाल इस बात की छानबीन की जा रही है कि इसके तस्करी में कौन-कौन लोग शामिल हैं। ये सारी कार्रवाई डॉ यशोवर्धन पाठक, आयुक्त, सीमा शुल्क (निवारण) पटना के निर्देश पर की गई। आयुक्त महोदय ने आगे बताया कि तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा और भी अधिक प्रबलता से इसका कार्यान्वयन किया जाएगा एवं इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध सीमा शुल्क अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त अन्य विभागों यथा रेलवे पुलिस बल, पुलिस विभाग तथा अन्य सरकारी संस्थाओं और सूचना देने वाले का भी सीमा शुल्क विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस तस्कर निरोधक काम में भविष्य में भी बेहतर समन्यवय और सहयोग अपेक्षित है ताकि ऐसी गैर कानूनी गतिविधि पर पूर्णविराम लग सके।

## सीसीएल में पॉश (POSH) अधिनियम पर कार्यशाला का आयोजन



आज दिनांक 15.06.24 को निदेशक (कार्मिक) सीसीएल, श्री हर्ष नाथ मिश्र के मार्गदर्शन में मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा प्रकाश हॉल में यौन उत्पीड़न निवारण (POSH) अधिनियम पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा इंटरैक्टिव सत्र में विस्तार से चर्चा की गई। इसमें सीसीएल के मुख्यालय और क्षेत्रों सहित कुल 31 अधिकारियों ने भाग लिया। महाप्रबंधक (एचआरडी) श्री आर के पांडेय ने सभी प्रतिभागियों और संकाय सदस्यों का स्वागत किया ।

पहले सत्र में सीसीएल की सीएमएस डॉ. सुमन सिंह द्वारा पॉश (POSH) अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों एवं एक महिला कर्मचारी के अधिकारों से प्रतिभागियों को परिचित कराया गया । उन्होंने आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) की भूमिकाओं, जिम्मेदारियों और प्रक्रियाओं के बारे में भी विस्तार से बताया।

दुसरे सत्र में श्रीमती सुचिंद्रा द्वारा पीओएसएच (POSH) अधिनियम के तहत अधिकारों और जिम्मेदारियों पर विस्तृत चर्चा की गई।, उन्होंने अधिनियम के तहत कर्मचारियों और नियोक्ताओं दोनों के अधिकारों और जिम्मेदारियों को रेखांकित किया।

'कार्यस्थल पर रोकथाम और व्यवहार' विषय पर सत्र को श्रीमती रश्मी साहा ने संबोधित किया। सुश्री साहा एक फ्रिलांसर और एनजीओ प्रमुख एवं विषय विशेषज्ञ भी है।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में एचआरडी विभाग एवं अन्य सम्बंधित विभागों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सीसीएल के इस आयोजन को सभी महिला कर्मियों ने सराहना किया

रांची में सट्टा

# ऑनलाइन गेमिंग और साइबर ठगी करने वाले गिरोह के चार बदमाश गिरफ्तार




**रांची।** सदर थाना पुलिस ने सट्टा, ऑनलाइन गेमिंग और साइबर ठगी करने वाले छत्तीसगढ़ के एक गिरोह का खुलासा करते हुए चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में छत्तीसगढ़ के अरमान नामदेव, करण नामदेव, ललित सोनी और प्रत्यूष श्रीवास्तव शामिल हैं। इनके पास से 25 एटीएम, एक लैपटॉप, सात चेक बुक, 24 पासबुक, दो आई फोन सहित 22 मोबाइल, सिम कार्ड, चार्जर सहित अन्य सामान बरामद किए गए है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि साइबर अपराधियों को लेकर गुप्त सूचना मिली थी। इसी आधार पर सिटी एसपी राजकुमार मेहता के निर्देशन में और सदर डीएसपी संजीव कुमार बेसरा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने सदर थाना क्षेत्र के लीची बगान स्थित ईशा अपार्टमेंट, फ्लैट नंबर 101 में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान संदिग्ध अवस्था में चार व्यक्ति को लैपटॉप, एटीएम कार्ड, बैंक पासबुक, चेक बुक, मोबाईल एवं सीम कार्ड का उपयोग कर एनीडेस्क और अन्य एप्प के माध्यम से ऑनलाईन सट्टेबाजी कर ठगी करते पाया गया। टीम ने चारों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पता चला है कि छत्तीसगढ़ के साथ-साथ वे झारखंड में भी ऑनलाइन गेमिंग और साइबर ठगी का धंधा फैलाना चाहते थे और इसी के तहत रांची में एक सेंटर खोला गया था। एसएसपी ने बताया कि छापेमारी टीम में सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार, निर्भय कुमार, सत्येंद्र सिंह, हेमंत कुमार यादव, रंजीत कुमार, संतोष कुमार, प्रिया पायल, गोपाल दास सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

# विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जदयू की बैठक



**रांची।** लोकसभा चुनाव परिणाम में जदयू के बेहतर प्रदर्शन से पार्टी कार्यकर्ता ख़ासे उत्साहित हैं। प्रदेश जदयू ने लोकसभा चुनाव परिणाम के ठीक बाद झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारी और बैठकें आरंभ कर दी है। प्रदेश जदयू अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य खीरू महतो की अध्यक्षता में जदयू के विधानसभा उम्मीदवारों, पूर्व विधायक एवं प्रमुख लोगों की शनिवार को प्रदेश कार्यालय में बैठक हुई। खीरू महतो ने सभी को विधानसभा क्षेत्र में सदस्यता अभियान तेज़ करने, विधानसभा सम्मेलन करने एवं मतदाताओं को पार्टी के कार्यक्रमों से जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पंद्रह हज़ार सदस्य वाले विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव लड़ने पर पार्टी जोर देगी। बैठक में पूर्व मंत्री सुधा चौधरी, पूर्व विधायक कामेश्वर दास, डॉ आफ़ताब जमिल, त्रिवेणी वर्मा, श्रवण कुमार, भगवान सिंह, संजय सिंह, सागर कुमार, पिंटू सिंह, उपेंद्र सिंह, संतोष सोनी, सुनील सिन्हा, रमाकान्त मण्डल, दीप नारायण सिंह, विश्राम मुण्डा, रामाशीष डांगी, केदार भुईयां, प्रदीप महतो, मनोज सिंह, मनोज सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

# कुवैत अग्निकांड में मृत अली हुसैन का शव लाया गया रांची



**रांची।** कुवैत अग्निकांड में मृत मोहम्मद अली हुसैन का शव शनिवार को रांची एयरपोर्ट पर लाया गया। शोक संतप्त परिजनों के साथ उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा भी एयरपोर्ट पर मौजूद रहे। उन्होंने मोहम्मद अली हुसैन के परिजनों से बातचीत की और उन्हें ढांढस बंधाते हुए कहा कि दुःख की इस घड़ी में पूरा प्रशासन आप सभी के साथ है। कुवैत में मृत मोहम्मद अली हुसैन के परिजनों को 05 लाख की अनुदान राशि का चेक सौंपा गया। मुख्यमंत्री झारखंड अंतरराष्ट्रीय प्रवासी श्रमिक अनुदान योजना अंतर्गत उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने मृतक के भाई मोहम्मद आसिफ को चेक सौंपा। उल्लेखनीय है कि कुवैत में हुए अग्निकांड में रांची के रहने वाले एक युवक की भी मौत हो गई थी। मृतक मो. अली हुसैन मुबारक हुसैन का पुत्र था। वह रांची के हिंदपीढ़ी का रहने वाला था। मो. अली 18 दिन पहले ही नौकरी के लिए कुवैत गया था।

**उपायुक्त ने परिजनों को सौंपा पांच लाख का चेक**

# ईडी के समन की अवहेलना मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कोर्ट में नहीं हुए पेश



**रांची।** ईडी के समन की अवहेलना मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को भी एमपी-एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की कोर्ट में पेश नहीं हुए। इस मामले में हेमंत सोरेन की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए ईडी ने कोर्ट में एक आवेदन दिया है। आवेदन में ईडी ने अनुरोध किया है कि आरोपित हेमंत सोरेन अभी जेल में हैं। उनकी इस मामले में उपस्थिति दर्ज कराई जाए। इस आवेदन के आलोक में बिरसा मुंडा जेल अधीक्षक के पास पत्र लिखा गया है। ईडी के इस आवेदन पर अगले सप्ताह सुनवाई होगी। इससे पूर्व तीन जून को सीजेएम कृष्ण कांत मिश्रा ने यह मामला एमपी-एमएलए कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया था। पूर्व में सीजेएम कोर्ट द्वारा मामले में संज्ञान लिए जाने के बावजूद भी हेमंत सोरेन की उपस्थिति चौथी बार सीजेएम कोर्ट में नहीं हुई थी। मामले में हेमंत सोरेन की ओर से सीजेएम कोर्ट के समन आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है। हाई कोर्ट में यह मामला अभी लंबित है। इस संबंध में ईडी की ओर से शिकायतवाद संख्या 3952/2024 सीजेएम कोर्ट में दाखिल की गई है।

**क्या है मामला-** ईडी ने समन की अवहेलना करने के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में ईडी ने 19 फरवरी को शिकायत वाद दर्ज कराया था। इस पर गत चार मार्च को सीजेएम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए संज्ञान लिया था और मुकदमा चलाने का निर्देश दिया था। सुनवाई के दौरान ईडी ने अदालत को बताया था कि जमीन की खरीद-बिक्री मामले में ईडी ने हेमंत सोरेन को दस बार समन जारी किया गया था। आठवें समन पर 20 जनवरी और दसवें समन पर 31 जनवरी को ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे। ईडी का कहना है कि आठ समन पर उपस्थित नहीं होना समन की अवहेलना है। फिलहाल हेमंत सोरेन जेल में बंद हैं।

# शिक्षा में जो बदलाव की हम अपेक्षा कर रहे हैं उसे सबसे पहले हमें आत्मसात करना होगा : डॉ मित्तल

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सुचारू क्रियान्वयन एवं चुनौतियाँ विषयक प्रस्ताव पारित

**राँची ।**

किसी भी क्षेत्र में देखें तो नियमित प्रशिक्षण उसका प्रमुख अंग होता है चाहे वह मेडिकल हो, शिक्षा हो, प्रशासन हो उसी प्रकार संगठन का यह अभ्यास वर्ग नियमित कार्यकर्ता प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण भाग है। यह बात शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला सह अभ्यास वर्ग के प्रस्ताविक सत्र को संबोधित करते हुए न्यास की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ पंकज मित्तल ने कही। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा में जो बदलाव की हम अपेक्षा कर रहे हैं उसे सबसे पहले हमें स्वयं आत्मसात करना होगा। विकसित भारत में हमारी क्या भूमिका है हमें विचार करना चाहिए।




अभ्यास वर्ग की प्रस्तावना रखते हुए शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी ने कहा कि अभ्यास वर्ग यानी प्रैक्टिस सेशन और जीवन में जो जिस भी क्षेत्र में काम करता है उसे अभ्यास करना आवशयक है। हम शिक्षा क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं, इसलिए यह नियमित प्रक्रिया है। कोई भी कार्य करना है उसको सोच समझ कर कन्विंस होकर कार्य करना आवशयक। हम किसी व्यक्ति के कारण यहाँ नहीं है हमारा लक्ष्य एक है इसलिए हम सभी यहाँ एक साथ बैठे हैं। उन्होंने आगे कहा कि देश और दुनिया में आज जो भी समस्या है उसका स्थायी समाधान शिक्षा के माध्यम से ही हो सकता है।

बैठक के द्वितीय दिवस के विषय में जानकारी देते हुए प्रांत संयोजक अमरकान्त झा ने कहा कि द्वितीय दिवस प्रमुख रूप से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सुचारू क्रियान्वयन एवं चुनौतियाँ विषयक प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। साथ ही विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर चर्चा सत्र आयोजित किए गये।

प्रस्ताव के विषय में जानकारी देते हुए महाकौशल प्रांत के अध्यक्ष डॉ अजय तिवारी ने बताया कि न्यास के इस प्रस्ताव में भारतीय भाषा, चरित्र निर्माण, मूल्यों व संस्कारों की शिक्षा, भारतीय ज्ञान परम्परा का शिक्षा में समावेश, शिक्षकों का प्रशिक्षण व शिक्षण एवं शिक्षा में व्यवहारिकता, कौशल विकास जैसे विषयों पर शासन और समाज का ध्यान आकर्षित कर चुनौतियों से अवगत करवाने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया। उन्होंने आगे कहा कि न्यास का मानना है शिक्षा जगत की चुनौतियाँ मात्र सरकार की नहीं बल्कि समाज और शिक्षा क्षेत्र की भी चुनौतियाँ है। लोकतंत्र में किसी नीति के सफल क्रियान्वयन के लिए ज़रूरी है सरकार और समाज का समन्वित प्रयास है।

# "गीता बनी मास्टर गीता"

जो खुद की मदद करने की ठान लेता है, उसकी मदद के लिए भगवान भी तत्पर रहते हैं, ऐसी ही एक कहानी है गीता की,जो कि बचपन से ही संघर्षों का सामना करते हुए आगे बढ़ी, हिम्मत नहीं हारी और रास्ते बनाते चली गयीं।

- **बचपन की पढ़ाई ननिहाल में –**

गीता का जन्म झारखण्ड राज्य के बोकारो जिले के एक छोटे से गांव गट्टीगढ़ा में हुआ था। घर से सबसे नजदीकी प्राथमिक विद्यालय 5 किलो मीटर दूर था। उपयुक्त सुविधा ना होने के कारण गीता के माता-पिता ने उसे नाना के घर बरियातू ,रांची पढ़ने को भेजा। मामाजी शिक्षक थे, जिनकी देखरेख में गीता ने दसवीं की परीक्षा में वर्ष 2010 में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दसवीं की परीक्षा के बाद से ही उसने बच्चों को पढ़ाना भी शुरू किया था। एक तरफ वह बच्चों को पढ़ा कर कुछ धन की व्यवस्था करती और साथ ही साथ अपनी आगे की पढ़ाई करती। देखते ही देखते उसने इंटर की पढ़ाई भी पूरी कर ली।

- **ट्युशन के पैसे से की अपनी पढ़ाई-**

इंटर की पढ़ाई के बाद गीता अपने गाँव वापिस लौट आयी। उसने अपने गाँव में घर पर ही बच्चों को पढ़ाना शुरू कर दिया और अपनी आगे की पढ़ाई करने के लिए गणित स्नातक में नाम लिखाया। बच्चों को पढ़ाने से जो पैसे आते उस पैसे से ही उसने स्वयं की पढ़ाई की। 2015 में जब वह पार्ट 2 में थी तब उसकी शादी रामगढ़ जिला के अंतर्गत गोला प्रखंड के नवाडीह पंचायत के सोनडीमरा गांव में हुई। नया गांव, नया घर परिवार, सब कुछ अलग लगने लगा। पढ़ाई भी बंद होने लगी थी। गीता को सब स्वीकार था लेकिन पढ़ाई से समझौता नहीं। गीता ने अपनी मन की बात अपने ससुराल वालों को बतायी। कहा जाता है ना जब मन में ठान लो तो वह मिलकर ही रहता है। इसी तरह उसकी इच्छा के अनुसार ससुराल वालों ने भी उसे बहुत सपोर्ट किया और गीता ने 2017 में बीएससी पूरा कर लिया।



- **ज्ञानशाला और गीता–**

गीता के घर की हालत अच्छी नहीं थी। परिवार में कमाने वाले अकेले उसके पति ही थे। गीता को अपनी आगे की पढ़ाई (बीएड) आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण स्थगित करनी पड़ी। गीता बताती है कि गांव का माहौल देखकर उसे बहुत बुरा लगता था। एक दिन उसके पास पांचवी कक्षा की एक बच्ची आई और उस बच्ची को 1,2,3 ........ (अंग्रेजी में) कैसे बोलें नहीं पता था। उसे बच्चों की पढ़ाई को लेकर चिंता होने लगी कि आखिर इन बच्चों का भविष्य क्या होगा ? अभिभावक बच्चों की पढ़ाई को लेकर बिल्कुल भी जागरूक नहीं हैं,बस बच्चे का नाम किसी तरह गांव के सरकारी स्कूल में लिखवा दिया जाता है। बच्चा स्कूल जाता है और स्कूल से आ जाता है।

एक दिन गीता की मुलाकात गांव के ही सुमित्रा दीदी से हुई, जो एक समाज सेवी महिला हैं। गीता के अनुसार जब सुमित्रा दीदी ने उसकी इच्छा को जाना तो उन्होंने उसे ज्ञानशाला वाले सर से मिलवाया। सर ने आईएसडीजी रिसर्च फाउंडेशन सँस्था के तहत सामुदायिक शिक्षा के लिए चल रहे कार्यक्रम ज्ञानशाला के बारे में बताया, तब गीता को ऐसा लगा कि उसके जैसी और भी कई बहन,बेटियां और बहुएँ इस कार्यकम से बहुत लाभ ले सकती हैं।

ज्ञानशाला कार्यक्रम के अंतर्गत झारखण्ड एवं छत्तीसगढ़ राज्य के ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों में बालिकाओं की गुणवत्ता युक्त प्राथमिक शिक्षा के लिए विशेष प्रशिक्षण एवं सहयोग दिया जाता है। इसमें यह सिखाया जाता है कि बच्चों की सारी पढ़ाई लिखाई, सरलता से और गुणवत्ता से कैसी कराई जाए। कार्य गतिविधि कैसे कराये ? गीता बताती है - ज्ञानशाला के द्वारा शुरू की गई ऑनलाइन ट्रेनिंग जो कि हर शनिवार रविवार को होती है, बहुत मददगार साबित हुई, सभी सर और मैडम अलग-अलग विषय की ट्रेनिंग देते हैं। ट्रैनिंग के माध्यम से बहुत कुछ सीखा भी और अपने बच्चों पर आजमाया भी जो बहुत ही कारगर साबित हुआ। तब से मैंने अपने को एक बेहतर शिक्षक के रूप में ढालने का प्रयास किया। बच्चों को पढ़ाने का मौका तब मिला जब पहला लॉक डाउन हुआ। सबसे पहले अपने घर के ही दो बच्चों को पढ़ाना शुरू किया। उसके बाद धीरे-धीरे उनकी संख्या बढ़ती गई। ज्यादातर बच्चियां मुझसे पढ़ती हैं, कुल मिला कर कक्षा 1 से 7 के 59 बच्चे बच्चियां चार पाली में मुझसे पढ़ते हैं। गाँव की बात है, मैं किसी से फीस नहीं मांगती, लेकिन सभी परिवार कुछ सहयोग राशि दे देते हैं। आज मैंने अपनी कमाई से स्कूटी भी खरीदी है। एक सामाजिक संस्था में कम्युनिटी मोबिलाइज़र का काम भी मिल गया है। स्थानीय सरकारी विद्यालय में मुझे बच्चों के काउंसेलिंग और विशेष शिक्षण के लिए भी बुलाया जाता है। मैं खुद भी फिर से पढ़ना चाहती हूँ। मेरी इच्छा इ.एड करने की है ताकि सरकारी शिक्षक बन सकू, जिससे अपने परिवार की कुछ आर्थिक मदद कर सकूं और अच्छा शिक्षक बन कर समाज के लिए कुछ कर पाऊं।

न्यूज अपडेट

## गोवंश को कुर्बानी से बचाने हेतु अपील की गई



**श्रम बिंदु/धनबाद ।** धनबाद मे भारतीय जीव जंतु बोर्ड ,भारत सहकार ,भारतीय जनता पार्टी, पवित्रम गो सेवा परिवार एवं अभिभावक महासंघ के विशिष्ट पदाधिकारियों का शिष्ट मण्डल वरीय आरक्षी अधीक्षक से भेंट करने पहुँचा। शिष्ट मंडल ने बताया कि विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार धनबाद एवं आसपास के क्षेत्रों विशेषकर गिरिडीह, कोडरमा, जामताड़ा एवं बोकारो मे कुर्बानी हेतु बड़ी संख्या मे प्रतिबंधित जीव जंतुओं जैसे कि गोवंश एवं ऊंटों को लाया जा रहा है,जो पूर्णतः गैर कानूनी है एवं झारखंड राज्य के नियमो के विरुद्ध है, साथ ही झारखंड में निवास करने वाले बहुसंख्यक हिन्दू समाज, सरना मतावलंबीयों,अल्पसंख्यक जैन एवं बौद्ध मतावलंबबियों की भावनाओं को आहत एवं आक्रोशित करने वाला है। इसके साथ ही गांवों मोहल्लों मे निर्वासित घूमने वाले गो वंश की चोरी की घटनाओं पर भी ध्यानाकर्षण करवाया।

शिष्टमण्डल ने सभी वीडियो, फोटो एवं अन्य सबूतों को भी एसएसपी के सामने रखा और जब्ती हेतु कड़ी कार्रवाई की मांग की।

शिष्टमण्डल ने यह भी चेताया कि इस प्रकार हो रही पवित्र गो वंश की हत्या के कारण सभी समाज आक्रोशित है क्षुब्ध है, जो भविष्य मे किसी भी बड़ी घटना का कारण हो सकता है। इसलिए प्रशासन इस पर संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही करे जरुरत पडेगी तो हमारे कार्यकर्ता बंधु भी प्रशासन का सहयोग करेंगे।

इस प्रतिनिधि मण्डल मे जीव जंतु कल्याण बोर्ड के राज्य अधिकारी अजय भरतिया, भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की राज्य कोषाध्यक्ष रमा सिन्हा, अभिभावक संघ के सचिव मनोज मिश्रा ,पवित्रम गो सेवा परिवार के संयोजक राजेश सिह ,सह संयोजक ब्रजेश यादव, अभिषेक बरनवाल, नीरज सिह आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## बकरीद पर्व को लेकर महागामा थाने में हुई शांति समिति की बैठक



**श्रम बिंदु/ मनोज कुमारसाह /गोड्डा।** आज दिनांक 15 6 2024 बुधवार को महागामाथाना परिसर में शांति समिति की बैठक इंस्पेक्टर भूपेंद्र महतो की अध्यक्षता में किया गया इस बैठक में मुख्य रूप से ईद उल फितर त्यौहार मनाने की अपील की साथ में थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह ने कहा कि त्यौहार में शांति सौहार्द वातावरण में त्योहार मनाए कुर्बानी करना अपने घर केअंदर करना है खुले में कुर्बानी नहीं करना है और शांति रूप से त्योहार मनाने की अपील की साथ ही साथ कोई भी कुर्बानी के मांस को मोबाइल में वीडियो बना करके सोशल मीडिया में ना भेजें इस चीज पर प्रशासन सख्त निगरानी करेगी साथ-साथ सोशल मीडिया के ऊपर किसी भी तरह का अभद्र वाले मैसेज ना भेजें इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित जदयू राज्य परिषद सदस्य सह प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद हारुन रशीद मीडिया प्रभारी निर्मल कुमार दास मोहम्मद अख्तर अंसारी मोहम्मद सलाम बेताब रामचंद्र निराला उपेंद्र सिंह कांग्रेस नेता रंजन झा मोहम्मद मुन्ना भाजंपुर मुखिया कमरुल हसन मोहम्मद किरमान अंसारी एवं कईपार्टी के लोग शांति समिति के बैठक में उपस्थित थे

## झरिया में स्व. सूर्यदेव सिंह की 33 वीं पुण्यतिथि पर उमड़ा जन सैलाब,

# विधायक जी के जमाने में जितना प्रेम और स्नेह आम जनता ने दिया है, जीते जी ऐसे लोगों के लिए हर वक्त खड़े रहेंगे: रागिनी सिंह

**श्रमबिंदु /धनबाद ।**

झरिया का कतरास मोड़ शनिवार को वीर सूर्यदेव सिंह अमर रहे के नारे से गूंज रहा था। जगह-जगह से जन सैलाब उमड़ पड़ा था। ढोल नगाड़े के थाप पर नाचते- गाते लोग पहुंचे थे। उमस भरी गर्मी में लोग अपने आप को इस कार्यक्रम में आने से रोक नहीं पाये। सुबह से लेकर शाम तक लोगों का आना-जाना लगा रहा। दूर दराज से लोग अपने लोकप्रिय विधायक स्व. सूर्यदेव सिंह की 33वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे।कोलियरी क्षेत्रों से पैदल एवं मोटरसाइकिल जुलूस के साथ बारी- बारी से लोगों का पहुंचना अपने आप में एक अलग ही नजारा दिख रहा था। कतरास मोड़ स्थित स्व. सूर्यदेव सिंह चौक से लेकर जमसं कार्यालय और आसपास के क्षेत्र समर्थकों से खचाखच भरा हुआ था। स्व. विधायक की पत्नी कुंती सिंह बहू भाजपा नेत्री रागिनी सिंह और सिद्धार्थ गौतम श्रद्धांजलि सभा में लोगं की मेजबानी में स्वयं खड़े थे। सबसे पहले सूर्यदेव सिंह की पत्नी व पूर्व विधायक कुंती सिंह ने श्रद्धांजलि दी। उनके साथ विधायक संजीव सिंह की पत्नी रागिनी सिंह, पुत्री राज नंदनी, पुत्र सूर्यांश, किरण



देवी ने भी श्रद्धांजलि दी। इनके साथ धनबाद के पूर्व सांसद पी एन सिंह, विधायक राज सिन्हा पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह निर्वतमान मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल पूर्व सांसद रविन्द्र पांडेय भाजपा नेता नंदू अग्रवाल एलबी सिंह सहित अन्य नेताओं ने भी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कतरास मोड़ कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन कर लोगों ने रक्तदान किया। वहीं परिवार के सदस्यों ने पौधारोपण किया। लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। रागिनी सिंगने कहा कि 33 साल के बाद भी विधायक जी को चाहने वालों में कोई कमी नहीं आई है। भीषण गर्मी में लोग श्रद्धांजलि देने पहुंच रहे है। विधायक जी के जमाने में जितना प्रेम और स्नेह आम जनता ने दिया, आज भी वही समय मिल रही है। उनके चाहने वालों को हम पूरे परिवार छाया की तरह उनके साथ है। जीते जी ऐसे लोगों के लिए हर वक्त खड़े रहेंगे। युवाओं को खास कर के रागिनी सिंह की ओर झुकाव देखा गया। युवा सेल्फी लेते रहे। रागिनी सिंह ने सभी का स्वागत किया। जमसं के संयुक्त महामंत्री व विधायक संजीव सिंह के छोटे भाई सिद्धार्थ गौतम उर्फ मनीष सिंह ने कहा कि उनका एवं उनका परिवार का हमेशा पिता की तरह जनता की सेवा में तत्पर है। कोयलांचल में जब भी कुछ होता है सूर्यदेव सिंह की चर्चा करने से लोग पीछे नहीं हटते। झरिया की जनता की हर सुखदुख में हमेशा साथ रहूंगा।

# 8 वां विरोध दिवस कतरास स्टेशन पर रेल आंदोलन कारियों ने मनाया

## डीजीएमएस का डीसी लाईन को आग खतरा का बयान फर्जी है: विजय कुमार झा

**श्रमबिंदु /धनबाद ।**

रेल आंदोलनकारियों ने शनिवार को कतरासगढ़ स्टेशन पहुंचकर 8 वां विरोध दिवस मनाया।इस दौरान तिरंगा झंडा के साथ कतरासगढ़ पहुंचे रेल आंदोलनकारी पूर्व बियाडाध्यक्ष विजय कुमार झा ने कहा कि भारत सरकार ने डीसी रेल लाईन के नीचे आग होने का झूठा रिपोर्ट दिखाकर 15 जून 2017 को हमेशा-हमेशा के लिए बंद कर दिया था। लेकिन कतरास कोयलांचल की जनता ने करीब 20 महिना तक लंबा अहिंसात्मक आंदोलन चलाया। मजबूर होकर




सरकार को धनबाद- चंद्रपुरा रेल लाईन को पुनः चालू करना पड़ा। यह जनता की जीत थी। उस काले दिन को रेल आंदोलनकारी आज भी याद कर सरकार और सरकारी तंत्र की कुनीनियों का विरोध करते है।रेल आम जनता की सेवा है। गरीबों को लाभ से बंचित करने की साजिश है। श्री झा ने कहा कि डीजीएमएस के उचाधिकारी चुनाव से पहले चुप्पी साधे हुए थे और चुनाव संपन्न होते ही सरकार की तोता की तरह बोलने लगे हैं कि डीसी को आग से खतरा है. आग की बात पुरी तरह से फर्जी हैं. सरकार को खुश कर करने वाली बात है।अधिकारी सुरक्षा की बात करे।अगर आग है तो कैसे बचाव हो,इस पर बोले अन्यथा कतरास की जनता डीजीएमएस कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करने को बाध्य होगी। झारखंड मुक्ति मोर्चा से युवा नेता विक्की मालाकार ने कहा कि रेल बंदी का साजिश जब तक चलेगा। तब तक यहां की जनता विरोध करती रहेगी। मौके पर बियाडा के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार झा, परवेज इकबाल,उमेश ऋषि, नरेश दास, विक्की मालाकार, नसीरुद्दीन खान, जटल दास, दिनेश जेठवा, विनोद शर्मा, कमलदेव सिंह,मिथुन कुम्हार आदि मौजूद थे ।

# उपायुक्त ने की जिला खेल संचालन समिति की बैठक

**श्रमबिंदु /धनबाद ।**

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में आज जिला खेल संचालन समिति की बैठक संपन्न हुई।

इसमें झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सिदो - कान्हू युवा खेल क्लबों को सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के तहत तीव्रता से रजिस्ट्रेशन कराने हेतु कार्ययोजना तैयार की गई।

जिला खेल पदाधिकारी ने बताया कि रजिस्ट्रेशन के पश्चात सभी क्लबों को अनुदान राशि 25000 रुपए प्राप्त होंगी। जिससे अपने ग्राम अंतर्गत खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा सकेगा। रजिस्ट्रेशन के लिए दिए गए पोर्टल पर संबंधित ग्राम के क्लब के पदधारकों द्वारा आवेदन किया जाना है। साथ ही किसी



प्रकार की सहायता के लिए संबंधित प्रखंड कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

वहीं जिन प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय स्टेडियम नहीं है वहां नए प्रखंड स्तरीय स्टेडियम का निर्माण, हर प्रखंड के लिए डे बॉर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र का प्रस्ताव खेल निदेशालय को भेजने, मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में सिंथेटिक ट्रैक, फ्लड लाइट लगाने व पेयजल की व्यवस्था करने, कला भवन में सिंथेटिक मैट, लाइट लगाने, जिले का स्पोर्ट्स कैलेंडर बनाने, विभिन्न खेलों के लिए इंटर स्कूल टूर्नामेंट का आयोजन करने, खेलो इंडिया तथा मुख्यमंत्री कप के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करने सहित अन्य निर्णय बैठक में लिए गए।

इसके अलावा जिले के वर्तमान खेल संरचनाओं की मरम्मती एवं जिर्णोद्धार करने का भी निर्णय लिया गया।

बैठक में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार, जिला ओलंपिक संघ के सचिव रंजीत केशरी, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुश्री निशु कुमारी, जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार, निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज़ अहमद, फुटबॉल प्रशिक्षक संजय पारते, तिरंदाजी प्रशिक्षक सुश्री नमिता कुमारी टुडू के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे ।

## ईद उल जुहा (बकरीद) पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित...

- **बैठक में उप नगर आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, डुमरी, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी व शांति समिति के सदस्यों ने भाग लिया**



**श्रम बिंदु /गिरिडीह।** नया परिसदन भवन में ईद उल जुहा (बकरीद) पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से उप नगर आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, डुमरी, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी व शांति समिति के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में विधि व्यवस्था के संधारण को लेकर उचित दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही शांति समिति के सभी सदस्यों से सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील की गई।

बैठक में उप नगर आयुक्त, श्री विशालदीप खलखो ने कहा कि शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाया जाना चाहिए। इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। बकरीद की नमाज के लिए जिले के विभिन्न मस्जिदों में नमाज अदा करने की समय की भी जानकारी दी गई। उन्होंने बकरीद के दिन पूरे शहरी क्षेत्र में साफ-सफाई करने का निर्देश दिया। पेयजल विभाग को निर्देश दिया कि क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था समुचित रखेंगे। बिजली विभाग के अधिकारियों से कहा कि बिजली की व्यवस्था अच्छी रहे, ताकि बकरीद के दिन लोगों को परेशानी नहीं हो।

बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, डुमरी ने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह फैलने पर संबंधित व्यक्ति/पेज / ग्रुप एडमिन पर कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर 24 7 निगरानी रखी जा रही है। बकरीद के दिन कुर्बानी खुले में ना दी जाए, इसपर विशेष निगरानी रखेंगे। साथ ही कुर्बानी के उपरांत अनुपयोगी चीजों का निपटारा समुचित ढंग से किया जाए, इसका भी विशेष ध्यान रखेंगे। बकरीद के दिन प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी प्रतिनियुक्ति स्थल पर ससमय उपस्थित रहेंगे।

## यूवक को हाईवा ने रौंदा, बंटी विश्वकर्मा की गइ जान

**श्रमबिंदु /धनबाद ।** ईस्ट बसुरिया ओपी क्षेत्र के कारामारा स्थित एक बिना नम्बर प्लेट के हईवा ने बंटी विश्वकर्मा को टक्कर मार दी जिससे बंटी विश्वकर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया कुछ लोगों ने उसे अशर्फी अस्पताल भेज दिया जहां उसकी स्थिति के गंभीरता को देखते हुए दुर्गापुर रेफर कर दिया गया दुर्गापुर पहुंचने के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत्य घोषित कर दिया बंटी विश्वकर्मा एचडीबी बैंक कतरास ब्रांच में सेल्स मैनेजर के पद पर काम करता था, बंटी जोड़ा फाटक सुरेंद्रनगर हल्दीपटी धनबाद का रहने वाला था बीती रात अपने बैंक का काम करके घर जाने के क्रम में यह घटना घटी बंटी विश्वकर्मा की शादी 2022 में हुई थी और दो माह पूर्व एक बच्ची का पिता बना था परिजनों का रो रो के बुरा हाल है ,

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करने के लिए धनबाद ढटउ्र भेज दिया ।

## 30 पशुओं से लदा वाहन पकड़ाया, 3 गिरफ्तार

**श्रम बिंदु /गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस ने बगोदर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोवंशीय पशुओं से लदे वाहन को पकड़ने में पुनः सफलता प्राप्त की है।बताया जाता है कि जिले के दक्षिणी क्षेत्र को स्पर्श से नेशनल हाईवे संख्या 19(पूर्व एनएच2) से होकर चलने वाले भारी वाहनों द्वारा पशुओं की तस्करी की जाती रही है।जिसमें पुलिस अधीक्षक की तत्परता से नियंत्रण होता जा रहा है।लगातार छापामारी में जुटी क्षेत्र की संबंधित थानों की पुलिस द्वारा अवैध रूप से पशुओं से लदे ट्रक,कंटेनर तथा अन्य वाहन जहां पकड़े जाते हैं,वहीं इस कार्य में संलिप्त लोगों पर केस भी दर्ज हुए हैं,गिरफ्तारियां भी हुई हैं।पुलिस द्वारा लगाम लगाने के प्रयत्न जारी हैं।

इसी क्रम में पुलिस ने मवेशियों से भरा एक ट्रक को पकड़ा। जिसमें 30 पशुओं को मुक्त कराया गया। बताया जाता है कि शुक्रवार की अहले सुबह एसपी को सूचना मिली कि पशु तस्कर द्वारा ट्रक में आरा बिहार से अवैध पशुओं को लोड कर जीटी रोड बगोदर से धनबाद के रास्ते पश्चिम बंगाल ले जाया जा रहा है।

जिसके बाद एसपी के निर्देश पर ट्रक में लोड अवैध पशुओं की बरामदगी गिरफ्तारी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बगोदर सरिया के नेतृत्व में टीम गठित किया गया।

उक्त गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए बगोदर थाना अन्तर्गत बगोदर बाइपास झरी पुल के पास पहुंचकर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया।जिसमें तलाशी लेने पर ट्रक में 20 भैस एवं 10 भैस का बच्चा कुल 30 पशु को बरामद किए गए। साथ ही मौके पर वाहन चालक समेत 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

# सुप्रीम कोर्ट द्वारा 29 जुलाई से 3 अगस्त तक विशेष लोक अदालत सप्ताह का होगा आयोजन

## विशेष लोक अदालत को ले प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश तथा उपायुक्त की संयुक्त अध्यक्षता में प्रेस कॉन्फ्रेंस

**श्रम बिंदु/गिरिडीह।**

भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 29 जुलाई 2024 से लेकर 3 अगस्त 2024 तक विशेष लोक अदालत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान आपसी सहमति व समझौते के आधार पर मामलों का निष्पादन किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु एवं जन-जन तक इसका प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह मनोज प्रसाद, उपायुक्त सह उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह नमन प्रियेश लकड़ा एवं पुलिस अधीक्षक सह सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह दीपक कुमार शर्मा ने संयुक्त प्रेस वार्ता के माध्यम से जन-जन तक इस महत्वपूर्ण दिवस के बारे में जानकारी प्रदान कर अधिक से अधिक इस अवसर का लाभ उठाने के लिए आम जनों को प्रेरित किया। प्रधान जिला एवं




सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह ने कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित किए जाने वाले इस विशेष लोक अदालत में संबंधित पक्षकार सशरीर अथवा वर्चुअल तरीके से इसमें शामिल हो सकते हैं। उन्होंने संबंधित पक्षकारों से अपील करते हुए कहा कि इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाकर अपने मामलों का निष्पादन करवायें। निष्पादन के लिए इच्छुक पक्षकारगण जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह अथवा राज्य विधिक सेवा प्राधिकार अथवा अपने नजदीकी विधिक सहायता केंद्र में संपर्क स्थापित कर संबंधित मामलों के निष्पादन की प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। आगे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष ने कहा कि माननीय झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देशानुसार दिनांक 29 जून 2024 को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह की ओर से व्यवहार न्यायालय परिसर गिरिडीह में भूमि एवं राजस्व संबंधी मामले, मुआवजा मामले, विस्थापन मामले एवं बैंक मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए एकदिवसीय विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

इस विशेष लोक अदालत में गिरिडीह जिले में भूमि एवं राजस्व संबंधी मामले, मुआवजा संबंधी मामले, विस्थापन मामले एवं बैंक से संबंधित मामलों के पक्षकार अपने-अपने मामलों का अधिक से अधिक संख्या में निष्पादन करवा कर इस अवसर का लाभ उठाएं तथा समय व धन की बचत करें। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष ने कहा कि माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं माननीय झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देशानुसार दिनांक 13 जुलाई 2024 को व्यवहार न्यायालय परिसर गिरिडीह में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना निर्धारित है।

इस दौरान सभी प्रकार के लंबित एवं प्री लीटिगेशन मामलों का त्वरित निष्पादन संबंधित पीठों के द्वारा किया जाएगा। इसके लिए न्यायालय स्तर पर व्यापक तैयारियां की जा रही है। न्यायालयों द्वारा सभी प्रकार के सुलहनीय मामलों का चिन्हितिकरण कर संबंधित पक्षकारों को नोटिस के माध्यम से सूचना दी जा रही है ताकि वे अधिक से अधिक संख्या में इस राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने मामलों का निष्पादन करवा सकें। विभिन्न विभागों जैसे बिजली विभाग, वन विभाग, माप तौल विभाग, उत्पाद विभाग, ट्रैफिक विभाग, बैंक एवं इंश्योरेंस कंपनी के पदाधिकारी एवं विद्वान अधिवक्ताओं सहित सभी न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक कर इसे सफल बनाने की रणनीति पर कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि माननीय झालसा, रांची के निर्देश पर जुलाई माह में ही मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन भी गिरिडीह जिले के विभिन्न प्रखंडों में जिला प्रशासन गिरिडीह के सहयोग से किया जाना निर्धारित है। इस मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर के माध्यम से आम लोगों को केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं का ऑन द स्पॉट लाभ प्रदान किया जाएगा। विगत वर्षों की भांति गिरिडीह जिला इस बार भी आम लोगों तक ऑन द स्पॉट लाभ पहुंचाने के मामले में रिकॉर्ड कायम करने का प्रयास करेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह द्वारा इस मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर के सफल आयोजन के लिए उपायुक्त सह उपाध्यक्ष के साथ सामंजस्य स्थापित कर सभी विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं एवं उनके लाभुकों के चिन्हिकरण की प्रक्रिया शुरू की जा रही है, ताकि उन्हें इस शिविर के माध्यम से लाभान्वित किया जा सके।

उन्होंने आमजनों,पक्षकारों, मीडिया कर्मियों, बुद्धिजीवियों, विद्वान अधिवक्ताओं से अपील किया कि अपने स्तर से माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित किए जाने वाले विशेष लोक अदालत के साथ-साथ गिरिडीह जिले में आयोजित किए जाने वाले विशेष लोक अदालत, राष्ट्रीय लोक अदालत एवं मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर के सफल आयोजन हेतु प्रचार प्रसार कर आम जनों को जागरूक करें। इस प्रेस वार्ता में उपायुक्त सह उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि लोक अदालत की महत्ता से आज सभी लोग वाकिफ हैं। माननीय सर्वोच्च न्यायालय से लेकर जिला व तालुका न्यायालय द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम निरंतर आयोजित किया जा रहे हैं जो इनकी व्यापक सफलता को प्रदर्शित करता है। आम लोगों को भी बढ़ चढ़कर इस प्रकार के अवसर का लाभ उठाना चाहिए एवं अपने मामलों का निष्पादन करवा कर शांतिपूर्ण समाज के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन निरंतर माननीय न्यायपालिका के दिशा निर्देशों का अनुपालन कर इस प्रकार के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर अपना सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। पुलिस अधीक्षक महोदय सह सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह,दीपक कुमार शर्मा ने कहा कि गिरिडीह जिले का पुलिस प्रशासन माननीय न्यायपालिका द्वारा आयोजित किए जाने वाले इस प्रकार के कार्यक्रमों में निरंतर ही अपने दायित्वों का निर्वहन करते आ रहा है। पूर्व की भांति ही इस बार भी आयोजित किए जाने वाले इन विशेष लोक अदालत एवं राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए माननीय न्यायालय द्वारा पक्षकारों के लिए निर्गत नोटिस को जिला पुलिस के स्पेशल सेल के माध्यम से पक्षकारों को नोटिस का तामिला करवाया जाएगा, ताकि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक पक्षकारगण उपस्थित होकर अपने मामलों का निष्पादन करवा सकें। साथ ही साथ पुलिस प्रशासन इन आयोजनों के दौरान विधि व्यवस्था को बनाए रखने में पर्याप्त सुरक्षा बलों की तैनाती न्यायालय में एवं मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर में करना सुनिश्चित करेगी ताकि आमजनों एवं न्यायिक व प्रशासनिक पदाधिकारियों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो।

न्यूज़ अपडेट

## एकल अभियान श्री हरि कथा योजना के माध्यम से एक दिवसीय सत्संग का आयोजन किया गया



**चौपारण ।** प्रखंड के दैहर पंचायत के कमला माता मंदिर के प्रांगण में एकल अभियान श्री हरि कथा योजना के तत्वाधान मे एक दिवसीय सत्संग का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि व्यास अजय महाराज एवं समिति ग्राम प्रमुख सुखदेव महतो , सत्संग प्रमुख सुरेश कुमार दांगी, आचार्य रिंकू देवी , के द्वारा लोगों की सत्संग से रूबरू कराऐ एवं भगवान श्री राम की पावन कथा को सुनाएं इसमें लोग झूम उठे एवं सनातन संस्कृति के प्रति हिंदू माताएं बहने एवं अभिभावक गन अपने हिंदू धर्म के प्रति सजग रहे एवं धर्मांतरित ना हो इस विषय पर व्यास ने ज्यादा फोकस किया' एवं एकल विद्यालय के बच्चे के द्वारा सरस्वती वंदना गायत्री मंत्र ओंकार भी प्रस्तुत किया गया' सभी बच्चे बहुत सुंदर ढंग से अपनी प्रस्तुति दी बच्चों में उत्साह दिखा संस्कार के प्रति' मौके पर तेजन दांगी, आनंद कुमार ,अनिल दांगी, संजय दांगी, लोकेश कुमार, पिंटू कुमार दांगी पोखन महतो, विशेश्वर महतो रामचंद्र महतो राजकुमार दांगी, प्रमोद पांडे रूदन महतो कई लोग उपस्थित थे !

## उपायुक्त से भेंट कर बरही और चौपारण की पेयजल समस्या से अवगत कराया



**संवाददाता बरही।** झामुमो नेता विनोद विश्वकर्मा शनिवार को उपायुक्त से मिलकर बरही और चौपारण की पेयजल समस्या से उन्हें अवगत कराया। उपायुक्त को बताया कि बरही और चौपारण प्रखण्ड में पिछले दस वर्षों से ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजना ठप्प है। क्षेत्र की जनता पानी खरीदकर पीने और नहाने धोने के लिए उपयोग करने पर मजबूर है। भीषण गर्मी के कारण कुएं और चापाकल सूख गए हैं। जल स्तर नीचे चला गया है। पूरे क्षेत्र की जनता पानी के लिए त्राहिमाम कर रही है। पेयजल समस्या को लेकर जल एवं स्वच्छता मंत्री को ग्रामीणों का हस्ताक्षर ज्ञापन उपायुक्त को दिया।

## बराकर पुल के समीप बनेगा श्मशान शेड, बच्छई व सिंघरावां के भाजपा नेताओं को सांसद ने दिया भरोसा



**चौपारण।** बच्छई व सिंघरावां के दर्जनों भाजपा नेताओं ने सांसद मनीष जायसवाल से किया शिष्टाचार मुलाकात। सांसद को जीत की बधाई देते हुए सिंघरावां, बच्छई पंचायत के दर्जनों गाँव के प्रमुख जनसमस्याओं से अवगत कराया। सांसद ने जल्द ही सभी जनहित समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया। मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक ने बताया कि सांसद महोदय ने बराकर पुल के समीप श्मशान शेड व एक बोरिंग की मांग जल्द पूरा करने का वादा किया है। श्री रजक ने बताया कि दर्जनों गांव का शव बराकर में जलाया जाता है। यहां आने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जनहित में श्मशान शेड बहुत जरूरी है। मौके पर भाजपा नेता राजेन्द्र चनद्रवंशी, देवल यादव, सहदेव प्रसाद यादव, जन्मजेय सिंह, राजेश रवानी, बिरेन्द्र चनद्रवंशी, दिनेश यादव उर्फ गांधी जी, कपिल ठाकुर, राजेश यादव, बासुदेव यादव, बैजनाथ यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## 17 को मंडा पूजा लेकर चेपाकला में तैयारी जोरों पर

**बड़कागांव।** जहां एक और कड़कड़ती धूप और भीषण गर्मी से व्याकुल बूंदझ बूंद पानी के लिए तरस रहे जीव जंतु वही आस्था का पर्व बनास मेला (मंडा पूजा) में शिवा भक्तों द्वारा माता पार्वती को लेकर गांव जेठ मास की तपती धूप लोहे के भांति ग्राम धरती पर नंगे पांव, नंगे बदनऔर निर्जला उपवास कर भ्रमण और भिक्षा मांग कर



15 दिवसीय मंडप पूजा 17 जून का आयोजन को लेकर पूजा समिति व ग्रामीण मेला मैं आए हुए भक्तों श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार किया असुविधा ना हो और शांतिपूर्ण ढंग से मेला संपन्न हो इसको ध्यान में रखते हुए पूजा समिति व ग्रामीण दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। पूजा समिति के सचिव उमेश महतो ने पूजा को विस्तृत रूप से बताते हुए बताया कि हमारे गांव में पूर्वजों के समय से कई वर्षों से शिव भक्त 24 घंटे तक उपवास कर दहकते हुए अंगारों पर पैदल चलकर अपनी भक्ति का और शक्ति का परिचय देते हैं। उसके बाद 60 फीट लंबे लट्ठे में झूलते हैं। पूजा समिति के अध्यक्ष सुरेश राणा ने बताया कि मेले मैं श्रद्धालुओं के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम नागपुरी आर्केस्ट्रा का भी व्यवस्था रखा गया है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इचाक की लचर व्यवस्था में अविलंब सुधार करे: ओमप्रकाश मेहता

इचाक संवाददाता

**इचाक ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इचाक की हालत काफी चिंता जनक है आए दिन डॉक्टरों की उपस्थिति नहीं होने के कारण मरीज को सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया जाता है परिणाम यह देखने को मिलता है की सदर हॉस्पिटल जाने से पहले इलाज के अभाव में व्यक्ति की मौत हो जाती है। उक्त बातें भाजपा युवा नेता ओमप्रकाश मेहता ने कही। आगे श्री मेहता ने कहा की एक तो हॉस्पिटल में डॉक्टरों की कमी है तो दूसरी ओर जो भी डॉक्टर हॉस्पिटल में पद स्थापित हैं वह भी ड्यूटी के मामले में मनमानी करते हैं। बीते दिन जब जलौंध गांव की एक बच्ची शीतल कुमारी जो फिसल कर डोभा में गिर जाती है और उसे निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इचाक ले जाया जाता है जहां डाक्टर न होने के कारण वहां के कंपाउंडर द्वारा सदर अस्पताल रेफर कर दिया जाता है और उसकी मौत हो जाती है अगर सामुदायिक



स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर उपस्थित होते हैं तो शायद उस बच्ची की मौत नहीं होती बच्ची को बचाया जा सकता था साफ शब्दों में कहा जाए की बच्ची की मौत का जिम्मेदार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इचाक है मैं प्रभारी डॉक्टर ओम प्रकाश जी से कहना चाहूंगा कि अस्पताल की व्यवस्था में अविलंब सुधार करें साथ ही साथ मैं झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री एवं हजारीबाग के सिविल सर्जन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इचाक में 24 घंटा डॉक्टर मुहैया कराने की मांग करता हूं साथ ही साथ ड्यूटी के दौरान जो डॉक्टर मनमानी करते हैं उसको जांच करते हुए उस डॉक्टर पर अविलंब कार्रवाई करने की मांग करता हूं ताकि आए दिन इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो । ताकि जो इलाज यहां संभव है उस इलाज के लिए आगे रेफर नहीं किया जाए। अगर मांगों को अविलंब पूरी नहीं की जाती है तो यहां की जनता यहां के लोग आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएंगे।

## अनुज्ञप्ति प्राप्त शराब की दुकान में लिया जा रहा है एमआरपी से अधिक पैसा

विष्णुगढ़।

एमआरपी यानी अधिकतम खुदरा मूल्य यानी एक कीमत जो किसी भी सामान के लिए तय की जाती है और ग्राहक उस कीमत को अदा कर सामान खरीदता है। किसी भी सामान पर छपी एमआरपी से अधिक पैसे लेना अवैध माना जाता है। लेकिन विष्णुगढ़ प्रखंड के हॉस्पिटल चौक के समीप स्थित झारखंड सरकार से अनुज्ञप्ति प्राप्त शराब दुकान (अनुज्ञप्ति संख्या 045_COM_HZB_24-25) के द्वारा शराब के मूल्य संबंधित अपना अलग ही कानून चलाया जा रहा है। एक लंबे अंतराल से यानी की फिलहाल जो अनुज्ञप्ति प्राप्त है उसकी शुरुआत से ही इस दुकान के द्वारा एमआरपी से अधिक लगभग हर सामान पर 10 रूपये अधिक जबरन वसूले जा रहे हैं। बात केवल यहीं तक सीमित नहीं है, यदि कोई ग्राहक




इस पर सवाल करता है तो अंदर बैठे दुकानदार बत्तमीजी पर उतर आते हैं। इसके बाद भी ग्राहक एमआरपी दर अदा करने पर अड़ा रहे तो कभी कभी ये दुकानदार झगड़ा करने पर भी उतारू हो जाते हैं। इस मामले को लेकर ग्राहक और दुकानदार के बीच कई बार तू तू मैं मैं हो चुकी है, कई बार ग्राहकों ने इन्हे समझाने की भी कोशिश की है लेकिन इनके द्वारा टेढ़े सुर में एक ही जवाब दिया जाता है की लेना है तो लो वरना सामान उपलब्ध नहीं है। शिकायत की बात कहे जाने पर यहां तक कह दिया जाता है की जो चाहे कर लो। सवाल यह है की एमआरपी से अधिक वसूले जा रहे पैसे आखिर जा कहां रहे हैं? अधिक पैसे वसूली पर इन दुकानदारों को किनका संरक्षण प्राप्त है? आबकारी विभाग इस पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं करती? इस तरह से वसूले जा रहे रूपये सम्पूर्ण तौर पर अवैध हैं, यह सघन जांच का मामला है।

## भाकपा माले के दिवंगत नेता नागेश्वर मंडल का मनाया गया 13वां स्मृति दिवस



विष्णुगढ़।

विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बरांय पंचायत के अम्बेडकर नगर (हरिजन टोला) स्थित सामुदायिक भवन में शुक्रवार को भाकपा माले के दिवंगत नेता नागेश्वर मंडल का 13वां स्मृति दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम कामरेड नागेश्वर मंडल की याद में दो मिनट का मौन रखा गया एवम उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प दोहराया गया। तत्पश्चात उनके तैलय चित्र पर बारी-बारी से माल्यार्पण किया गया। मौके पर उपस्थित भाकपा माले विष्णुगढ़ प्रखण्ड सचिव जानकी शर्मा ने कहा कि नागेश्वर मंडल हमेशा सामाजिक-राजनीतिक कार्यों में आगे रहते थे।बराय-नौवाडीह समेत आस-पास के इलाकों में एक दौर में ग्रामीण गरीबों, कमजोरों और वंचितों को गोलबंद व संगठित करने में उनकी अग्रणी भूमिका रही है। उनके हक-अधिकार की लड़ाई में वे हमेशा स्मरणीय रहेंगे। उनके रास्ते को और भी मजबूत करने का संकल्प ही नागेश्वर मंडल के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर श्री शर्मा ने बीते लोकसभा चुनाव में बराय-नौवाडीह इलाके से भाकपा माले को मिले समर्थन के प्रति आभार व धन्यवाद भी व्यक्त किया। मौके पर माले राज्य कमिटी सदस्य पवन महतो, पूर्व जिप सदस्य पूनम महतो, नोज प्रसाद मंडल, मुखिया राजेन्द्र मंडल, उप मुखिया मो० शाहिद अंसारी, घनश्याम पाठक, भोला सिंह, विवेक मंडल, ललिता कुमारी, संजय बंगाली, रोहित मंडल, माणिक चंद मंडल, रामेश्वर रविदास, विनय मंडल, दिलीप मंडल, अजित कुमार, संजय रविदास, जयचंद रविदास, प्रीतम महतो, नितेश कुमार (गोपू), हीरालाल रविदास, योगेंद्र रविदास समेत कई अन्य उपस्थित रहे।

## सांसद मनीष जायसवाल का आभार यात्रा पहुंचा टाटीझरिया, प्रतिनिधित्व सौंपने के लिए लोगों का जताया आभार

### खंभवा और मुक्ति दूधमनिया में आयोजित श्री मद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में हुए शामिल सांसद

संवाददाता।

**टाटीझरिया (हजारीबाग) ।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल का आभार यात्रा शुक्रवार देर शाम टाटीझरिया पहुंचा। इस दौरान क्षेत्र के लोगों ने गाजेबाजे के साथ होलंग स्थित बाबा फौजदारी मंदिर प्रांगण में उनका स्वागत फूलमाला पहनाकर किया। मंदिर में पूजा-अर्चना कर सांसद ने क्षेत्र के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। तत्पश्चात बेरहो, डुंगो खरिका, डुमर, धरमपुर, दूधमनिया, मंडपा, छोटा डहरभंगा, टाटीझरिया में लोगों से मिलकर एनडीए के पक्ष में मतदान करने के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि वह नेता नहीं बेटा व भाई बनकर क्षेत्र का विकास का कार्य करेंगे।



सांसद खंभवा में उमाशंकर सिंह व अमरेश सिंह और मुक्ति दूधमनिया में रवि सिंह व राहुल सिंह द्वारा आयोजित श्री मद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सह एकादशी उद्यापन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि यज्ञ के आयोजन से धूप व हवन से वातावरण शुद्ध होता है और जब वातावरण शुद्ध रहेगा तो यहां के निवासी के विचार भी शुद्ध होंगे। उन्होंने जनप्रतिनिधि होने के नाते विकास में अपनी वचनबद्धता दुहराई। मौके पर मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह, वरिष्ठ नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता, चंद्रनाथ भाई पटेल, एमके पाठक, राजेश यादव, राजू यादव, अरूण सिंह, अनिल प्रसाद, सुरेश कुशवाहा, परमेश्वर प्रसाद यादव, मुखिया सुरेश यादव, मुखिया प्रतिनिधि रवींद्र यादव, उपेंद्र पांडेय, महेश अग्रवाल, जीतन यादव, सहदेव गोप, कृष्णा साव, अधीरचंद्र तिवारी, प्रमोद सिन्हा, हजारी जायसवाल, सुनिल साव, अजय कुशवाहा, झुनझुन गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, बालेश्वर महतो, उमाशंकर पांडेय, कौलेश्वर मिश्रा, ज्योतिष पंडा, विजय पांडेय, सुखदेव पांडेय, पंकज मंडल, बबलू यादव, सुजीत रजक, लोकनाथ गोप, सुशांत सिंह, तालेश्वर साव, शंकर प्रसाद, जयप्रकाश ठाकुर, रजनीकांत चौधरी, संतोष सिंह व अन्य शामिल रहे।

## झुंड से बिछड़ा हुआ हाथी ने स्कूल की बाउंड्री वाल को तोड़ा, फसलों को रौंदा

● बड़कागांव फोटो स्कूल की टूटी बाउंड्री वॉल

**बड़कागांव ।** शुक्रवार की रात्रि को अचानक हाथियों के झुंड से बिछड़ा इकलौते हाथी ने फिर से बडका गांव में दस्तक दे दिया है। शुक्रवार की रात्रि इकलौते हाथी ने सांड पंचायत के साड़कडीह गांव में संचालित साड़कडीह प्राथमिक सरकारी विद्यालय के दीवार को बुरी तरह तोड़-कर क्षतिग्रस्त कर दिया और भूखलेश महतो के कटहल को खा गया। स्थानीय ग्रामीणों की माने तो हाथी



तकरीबन 10:30 बजे रामेश्वर महतो, भुनेश्वर महतो की फसल को रौंदतें हुए दुंदन्दुवा गड़ा होते हाथी महुदी पहाड़ बुढ़वा महादेव जंगल चला गया। हालांकि इस दौरान घर के बाहर बंधे मवेशियों को हाथी ने कोई नुकसान नहीं पहुंचाआ। वन विभाग के कर्मियों से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हाथी शाम तक महुदी पहाड़ जंगल में ही विचरण कर रहा था। इसे क्षेत्र से बाहर खदेड़ने का का पूरा प्रयास किया जा रहा है।

## सांसद मनीष जायसवाल ने बिजली अधिकारियों संग किया बैठक, सुधार करने का दिया दिशा निर्देश

संवाददाता।

**हज़ारीबाग।** जिले में प्रचण्ड गर्मी के बावजूद व्याप्त बिजली की आंख-मिचौली और अव्यवस्था को लेकर हजारीबाग के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल ने जनहित में पहल करते हुए शनिवार को लोकसभा क्षेत्र के हजारीबाग और रामगढ़ बिजली विभाग के वरीय अधिकारियों के साथ अपने हजारीबाग स्थित सांसद सेवा कार्यालय सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक की और क्षेत्र में बिजली कटौती की समस्या और बिजली से संबंधित अव्यवस्था के त्वरित समाधान का दिशा- निर्देश दिया।

सांसद श्री जायसवाल ने बिजली विभाग के अधिकारियों से संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती, शहरी क्षेत्र में लॉ-वोल्टेज, विद्युत व्यवस्था के सुधार हेतु अतिरिक्त ग्रीड निर्माण की दिशा में पहल करने, विभिन्न क्षेत्र में जले हुए ट्रांसफार्मर को अविलंब बदले जाने, नए बस्तियों में तत्काल विद्युतीकरण कराने, आवश्यकता अथवा उपभोक्ता की व्यवस्था के अनुसार क्षेत्र में ट्रांसफार्मर को अपग्रेड करने जैसी समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए इसे गंभीरता से लेकर पहल करने का दिशा- निर्देश दिया।श्री जायसवाल ने बताया की बिजली कटौती और लॉ वोल्टेज के साथ बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की मनमानी की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है जिसे लेकर रामगढ़ और हजारीबाग जिले के संबंधित अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित कर जनहित में कई सुझाव दिए गए हैं अगर जल्द स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो आगे की रणनीति बनाकर कार्य करेंगे ।

मौके पर विशेष रूप से बिजली विभाग के जीएम दिनेश कुमार सिंह, इएसई हजारीबाग अशोक कुमार उपाध्याय, इएसई रामगढ़ संतोष कुमार सिन्हा, ईई हजारीबाग अंगेश कुमार, ईई रामगढ़ देश राज, ईई कुजू नवलेश कुमार, एसडीओ हजारीबाग सौरभ लिंडा, एसडीओ रूरल अरविंद कुमार, एसडीओ महेश प्रजापति सहित अधिकारी शामिल हुए।

## नाबालिग युवती के साथ दुष्कर्म, आरोपी फरार

**(हजारीबाग) ।** बरकट्ठा थाना क्षेत्र के चांदगढ़ गांव में एक नाबालिग युवती के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत पीड़िता युवती के पिता ने बरकट्ठा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है उन्होंने अपने लिखित आवेदन में लिखा है कि बेटी के ब्यान के मुताबिक 12 जून की सुबह लगभग सात बजे के करीब उसकी नाबालिग बेटी शौच के लिए घर से बाहर गई थी। जब काफी देर तक वह घर वापस नहीं लौटी तो परिजनों द्वारा खोज बीन कि जाने लगी लेकिन कहीं युवती का पता नहीं चला। 13 जून की सुबह 3 बजे लड़की अपने घर आयी और सारी घटना कि आपबीती उन्होंने अपने परिजनों को सुनाई। उसने बताया कि गांव के ही युवक सुनील यादव पिता शिव कुमार यादव ने शौच जाने के दौरान मुझे पकड़ लिया और जबरन अपने साथ जंगल की ओर ले गया जहां मेरे साथ जबरन दुष्कर्म किया। नाबालिग पिता के आवेदन के आधार पर बरकट्ठा पुलिस ने कांड संख्या 105/24 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने नाबालिग युवती को मेडिकल जांच के लिए हजारीबाग भेज दिया है। घटना के बाद से आरोपी युवक पुलिस की पकड़ से बाहर है।

# बरही : बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

संवाददाता बरही

बरही थाना परिसर में शनिवार संध्या बकरीद पर्व शांति पूर्वक मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सीओ रामनारायण खलको एवं संचालन थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने किया। बैठक में दोनों समुदाय के दर्जनों लोग मौजूद हुए। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने कहा कि कुर्बानी का त्योहार बकरीद आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाएं। किसी तरह की

### बकरीद के दिन एक - एक पौधा अवश्य लगाएं : सीओ



भड़काऊ पोस्ट सोशल मीडिया पर पोस्ट ना करें। किसी भी धर्म को आहत करने वाली पोस्ट, जिससे आपसी सौहार्द बिगड़ सकती है, सोशल मीडिया पर बिल्कुल भी शेयर ना करें। साथ ही कहा कि बकरीद के दिन जो भी वेस्टेज सामग्री है उसे एक गड्ढा बनाकर डालें। वहीं सीओ रामनारायण खलको ने बरही वासियों से बकरीद को शांति वा सौहार्द के साथ मनाने की अपील किया। साथ ही बकरीद के दिन पौधा लगाने के लिए भी अपील किया। बैठक में विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छद्दू गोप, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, जीप सदस्या प्रीती गुप्ता, सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राज सिंह चौहान, पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम, मुखिया सिकंदर राणा, मुखिया मनोज कुमार, मुखिया मोतीलाल चौधरी, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, भाजपा नेता डोमन पांडेय, बंधन यादव, मो रिजवान, मो राजा, समाजसेवी मो तस्लीम, यमुना यादव, समाजसेवी पप्पू खान, शशि जयसवाल, उपमुखिया मनोज कुमार, पूरन पंडित, गणेश साव एवं पंसस मनोज कुमार सहित कई अन्य मौजूद थे।

न्यूज़ अपडेट

## विशेष शिविर में ऑन स्पॉट निष्पादित हुए दर्जनों मामलें

- आम जनों को विभिन्न योजनाओं को दी गई जानकारी, स्टॉल लगाकर प्राप्त किए गए आवेदन

**बोकारो ।** शनिवार को जिले के सभी प्रखंड कार्यालयों में भी विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जहां संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाधिकारियों की अगुवाई में ऑन स्पॉट दर्जनों मामलों का निष्पादन करके सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया।



कार्यक्रम का आयोजन चास, चंदनकियारी, गोमिया, बेरमो, जरीडीह , नावाडीह, चंद्रपुरा, कसमार एवं पेटरवार प्रखंड परिसर में किया गया। पदाधिकारियों ने प्रखंड परिसर में लगे विभिन्न योजनाओं के स्टॉल का निरीक्षण किया। शिविर में उपस्थित लोगों के बीच क्रमवार बीडीओ सीओ एवं प्रखंड स्तरीय अन्य अधिकारियों ने समस्या सुनी। मौके पर विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में नये आधार कार्ड बनाने, आधार कार्ड में सुधार, नया बैंक खाता खोलने, आधार कार्ड का बैंक खाता से मैपिंग करने, सुकन्या योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मातृ वंदना योजना, एस.एच.जी बैंक क्रेडिट लिकेंज, मनरेगा जाब कार्ड, मनरेगा के तहत आधार सिडिंग, बिरसा हरित ग्राम योजना, राशन कार्ड में नाम सुधार हेतु, राशन कार्ड में नया नाम जोड़ने, अबुआ आवास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड बैंक केवाइसी, आयुष्माण कार्ड, मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना, कृषि यंत्र योजना से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। कई आवेदनों को ऑन स्पॉट निष्पादित किया गया। जबकि कई आवेदनों को क्रमवार आहर्ता अनुरूप निष्पादित किया जाएगा।

## 82 वर्षीय सेवानिवृत प्रधानाध्यापिका का निधन

**पेटरवार ।** पेटरवार राजकीयकृत बालिका मध्य विद्यालय की सेवानिवृत प्रधानाध्यापिका 82 वर्षीय इला दास का निधन शनिवार को पेटरवार स्थित आवास में हो गया, वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रही थी। इसके पूर्व इसी विद्यालय में सहायक शिक्षिका के पद पर कार्यरत थी।



सेवानिवृत प्रधानाध्यापिका के निधन पर बुंडू मुखिया निहारिका सुकृति, पूर्व मुखिया अजय कुमार सिंह, पंकज कुमार सिन्हा ,राजकीयकृत बालिका मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक भागीरथ प्रसाद बक्शी, शांतिलाल जैन, सुधीर कुमार सिन्हा, नीरज कुमार सिन्हा, रवि शंकर जायसवाल, कोलेशर प्रसाद, सहित अन्य लोगों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

## कसमार से गायब चार आदिवासी में एक मिला

- बाकी तीन का गोमिया के डुमरीबिहार के जंगल में तलाश जारी।

**कसमार।** कसमार थाना क्षेत्र के पोंडा गांव के चार आदिवासी किशोर पिछले 3 दिन से गायब थे ।परेशान घर वाले गांव-गांव ,जंगल- जंगल बच्चों की तलाश कर रहे है। अभिभावकों ने थाना में गुमशुदगी तथा बाल तस्करी की आशंका से संबंधित लिखित शिकायत भी दी है । बीते शाम को उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र गोमिया के डुमरिविह के पास द्वार जंगल में एक किशोर शशिकांत हांसदा उम्र 13 वर्ष जो कक्षा सातवीं का छात्र है मिल गया है । बाकी तीन किशोर डुमरी बिहार के द्वार जंगल में अभिभावकों को देखकर फरार हो गए हैं। वहां के ग्रामीणों के सहयोग से बच्चों के माता-पिता जंगल में देर शाम तक बच्चों को तलाश रहे हैं। लेकिन समाचार लिखे जाने तक तीनों बच्चे नहीं मिल पाए हैं। इधर कसमार थाना पुलिस पोंडा गांव में बच्चों के गायब होने की तहकीकात करने के बाद बच्चों को खोज बिन करने के लिए अपने स्तर से प्रयासरत है । लेकिन उन्हें भी सफलता नहीं मिली है। चारों आदिवासी बच्चों के गायब होने के कारण का पता नहीं चल पाया है । कसमार से डुमरीबिहार की दूरी 60 किलोमीटर है ,जो उग्रवाद प्रभावित संवेदनशील क्षेत्र है । यहां से बच्चे मिलने से लोग स्तब्ध है।



# डेढ़ माह बाद भी नजरुल की हत्या की गुत्थी सुलझाने में पेक-नारायणपुर पुलिस विफल

- जांच को दूसरी दिशा में ले जाने को विवश करते हैं ग्रामीण-अनिल लिंडा
- हत्या का संदेश चिपकाये जाने से बोरवापानी में दहशत

**नावाडीह ।**

बोकारो जिला के हद में नावाडीह प्रखंड अंतर्गत पेंक-नारायणपुर थाना क्षेत्र के बोरवापानी रहिवासी नजरुल अंसारी की हत्या के ढेर माह बाद भी पुलिस हत्यारे तक पहुंचने में अब तक नाकाम रही है। जिसके कारण ग्रामीणों में पुलिस प्रशासन के प्रति आक्रोश देखा जा रहा है। एकबार फिर 14 जून को हत्या किए जाने का संदेश चिपकाये जाने से उक्त गांव में दहशत का माहौल है।


थाना प्रभारी के अनुसार परिवार जनों तथा ग्रामीणों द्वारा पुलिस जांच को दूसरी दिशा में ले जाने के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा है ।ज्ञात हो कि बीते 25 अप्रैल की अर्धरात्रि डोभा निर्माण के दौरान निर्माण स्थल के समीप सोए अवस्था में बोरवापानी रहिवासी नजरुल अंसारी की हत्या कर दी गई थी। इसे लेकर 26 अप्रैल को पुलिस द्वारा मामला कांड संख्या 16/24 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया था। इसके बाद से अब तक पुलिस केवल अंधेरे में हाथ पैर मार रही है।

पुलिस अब तक किसी भी हत्यारे अथवा संदिग्ध को पकड़ कर पूछताछ तक करने की जहमत नहीं उठाई है। जिसके कारण बोरवापानी के ग्रामीण रहिवासियों में आक्रोश देखा जा रहा है।

इस संबंध में 14 जून को घटनास्थल के समीप उपस्थित बोरवापानी रहिवासी मृतक की माता फातिमा खातून, रिश्तेदार साबरा परवीन, वशीरन खातून, समरूदीन अंसारी आदि ने पुलिसिया जांच पर सवालिया निशान लगाते हुए वरीय अधिकारियों से मामले में हस्तक्षेप कर हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।







ग्रामीणों ने उक्त स्थल पर मृतक की स्थिति तथा उसकी बाइक गिरा होने के तब की स्थिति की जानकारी उपस्थिति मीडिया कर्मियों को दी ।वहीं मृतक के आवास पर मृतक की धर्मपत्नी हसीना खातून सहित अन्य लगभग दर्जनभर ग्रामीणों ने पुलिस द्वारा मामले को ढंग से जांच नहीं करने को लेकर सवालिया निशान लगाया। साथ ही अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। मृतक की पत्नी ने हत्या कांड में कई स्थानीय ग्रामीण के शामिल होने की आशंका जतायी गयी।

बताया जाता है कि ग्रामीणों के इस उहापोह के बीच बीते 13 जून की रात्रि मृतक के आवास के समीप बिजली के पोल पर कथित अपराधियों द्वारा पुनः हत्या किए जाने का संदेश चिपका कर मृतक के अन्य चार भाइयों की भी हत्या कर दिए जाने की बात कही है। हालांकि पुलिस द्वारा उक्त संदेश को बाद में वहां से हटा दिया गया ।बावजूद इसके उक्त गांव में एकबार फिर उक्त गांव में भय ० आक्रोश देखा जा रहा है। इस संबंध में पेंक-नारायणपुर थाना प्रभारी अनिल लिंडा ने संदेश चिपकाये जाने की बात स्वीकार करते हुए बताया कि अब तक मृतक का पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं मिलने के कारण पुलिस जांच में परेशानी हो रही है।

थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम द्दष्टया घटनास्थल पर मुआयना के बाद पुलिस को जेसीबी मशीन ऑपरेटर की भूमिका संदिग्ध दिख रही है, पुलिस इस ओर कदम बढ़ाना चाह रही है, बावजूद इसके मृतक के परिजन सहित स्थानीय ग्रामीण रहिवासी जेसीबी ऑपरेटर को क्लीन चिट देते हुए कई ग्रामीणों पर हत्या की आशंका जता रहे हैं,। जिसके कारण पुलिस स्वतंत्रता से मामले की जांच नहीं कर पा रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि पुलिसिया जांच ग्रामीणों के भरोसे कार्य करती है अथवा तथ्य, साक्ष्य और वरीय अधिकारियों के दिशा-निर्देश के आलोक में। यह सवालों के घेरे में है।

## मानवता की सेवा में लगी है रोटरी-बिरंची नारायण

**चास ।**

चास रोटरी क्लब द्वारा चीरा चास स्थित रोटरी भवन में पेशे की प्रकृति के अनुरूप समाज को दिए गए उनके योगदान और सहायता के लिए व्यावसायिक उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज सेवा, पत्रकारिता एवं स्वास्थ्य के माध्यम से समाज हित में सहभागी बने दर्जनों लोग सम्मानित किए गए।




मुख्यअतिथि के रूप उपस्थित बोकारो विधायक बिरंची नारायण के हाथों पुरस्कृत किया गया।

आगंतुक अतिथियों का स्वागत करते हुए रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा कि समाज में बेहतर कार्य करने वालों को प्रोत्साहन मिलना चाहिए, जिससे वे और बेहतर परिणाम दे सके। इसके पूर्व शैल रस्तोगी ने एक पौधा भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

मुख्य अतिथि बिरंची नारायण ने अपने संबोधन में कहा की रोटरी क्लब चास ने सामाजिक कार्यो के क्षेत्र में उत्कृष्ट मिसाल कायम किया है। बिरंची नारायण ने कहा की सम्मानित व्यक्ति और अधिक ऊर्जा के साथ अपने कार्यों को और अच्छे तरीके से करने का प्रयास करता है। बिरंची नारायण ने कहा ऐसे लोग समाज में प्रेरणा के स्त्रोत बन जाते हैं। इसके पूर्व संस्था के पूर्व अध्यक्ष मनोज चौधरी ने वोकेशनल अवार्ड की महता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परोपकार की सेवाभावना ही रोटरी का मुख्य ध्येय है । इस अवसर पर उपस्थित बोकारो फाउंडेशन की अध्यक्षा नीना नारायण को पौधा भेंट कर कमल तनेजा ने स्वागत किया। मीणा नारायण ने पुरस्कृत लोगों के योगदान की सराहना की।

रोटरी क्लब चास की सचिव डिंपल कौर ने बताया कि प्रत्येक वर्ष रोटरी क्लब द्वारा प्रतिष्ठित व्यवसायिक पुरस्कार दिए जाते हैं। डिंपल ने सम्मानित जनों से आगे भी रोटरी क्लब चास को सहयोग की अपेक्षा की। डॉ पुष्पा ने एक स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया ।


कार्यक्रम का संचालन मुकेश अग्रवाल एवं संजय बैद ने संयुक्त रूप से किया। धन्यवाद ज्ञापन सिद्धार्थ पारख ने किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई।

कार्यक्रम में चेंबर अध्यक्ष प्रदीप सिंह, पूर्व अध्यक्ष अशोक तनेजा, महेश गुप्ता, राजेश केडिया, धनेश बंका, मंजीत सिंह, कुमार अमरदीप, विपिन अग्रवाल, नरेंद्र सिंह, हरबंस सिंह, चरनप्रीत सिंह, दीपक अग्रवाल, माधुरी सिंह, आरती पारख, रितु अग्रवाल, किरण कुमार, ब्रेन्डा टबोडा, पूनम अग्रवाल,आनंद अग्रवाल, आदि उपस्थित थे

## सीएमईजीपी के तहत 15 जुलाई तक 3500 लाभुकों को करें आच्छादितः उपायुक्त

**बोकारो ।**

शनिवार को वीडियो संवाद के माध्यम से उपायुक्त विजया जाधव ने अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति कार्य की समीक्षा की। वीसी के माध्यम से वरीय पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी, जिला कल्याण पदाधिकारी एन एस कुजूर, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस समेत अन्य शामिल हुए।




उपायुक्त ने क्रमवार विभाग द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम साइकिल वितरण योजना एवं अबुआ वीर दिशोम अभियान के संबंध में प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत एक माह में आगामी 15 जुलाई 2024 तक 3500 लाभुकों को योजना से आच्छादित करने का निर्देश जिला कल्याण पदाधिकारी, सभी बीडीओ सीओ एवं प्रखंड कल्याण पदाधिकारी को दिया।

उपायुक्त ने विभाग द्वारा स्कूली छात्रों को दिए जाने वाले साइकिल योजना की प्रगति की जानकारी ली। जिस पर जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि जिले के 18 हजार छात्रों के बीच साइकिल वितरण किया जाना है। साइकिल का एसेंबल कार्य प्रगति पर है, लगभग छह हजार साइकिल वितरण को तैयार है। इस पर उपायुक्त ने तिथि निर्धारित करते हुए शिविर लगाकर स्थानीय जन प्रतिनिधियों उनके प्रतिनिधियों पंचायत प्रतिनिधियों आदि के माध्यम से शिविर लगाकर साइकिल का वितरण शुरू करने का निर्देश दिया। कहा कि जैसे जैसे साइकिल का एसेंबल कार्य पूरा होगा, वैसे वैसे साइकिल वितरण कार्य को भी पूरा करें। इस कार्य को जल्द पूरा करना है।

उपायुक्त ने 11 जून से शुरू हुए अबुआ वीर दिशोम अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा आहर्ताधारियों से आवेदन प्राप्त कर योजना से लाभांवित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने पूर्व में प्राप्त आवेदनों की भी पुनः जांच कर त्रुटि सुधार कर योग्य लाभुकों को योजना के तहत वन अधिकार पट्टा देने की कार्रवाई करने को कहा।

उपायुक्त ने सभी योजना की प्रगति की मानीटरिंग अपर समाहर्ता एवं जिला कल्याण पदाधिकारी नियमित करने और प्रगति का प्रतिवेदन प्रतिदिन उन्हें उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## संत जेवियर विद्यालय में दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

**बोकारो ।**

संत जेवियर विद्यालय में 14 जून एवं 15 जून को दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के प्रथम दिवस में विद्यालय के प्राचार्य फादर अरुण मिंज एस. जे. के द्वारा इग्नेशन स्प्रीचुअलिटि का हमारे जीवन व शिक्षा में महत्व बताया गया।



इग्नासियन आध्यात्मिकता रोज़मर्रा की ज़िंदगी के लिए आध्यात्मिकता है। यह इस बात पर ज़ोर देता है कि ईश्वर हमारी दुनिया में मौजूद है और हमारे जीवन में सक्रिय है। यह गहरी प्रार्थना, गहरी सूझ-बूझ से निर्देशित अच्छे फ़ैसले और दूसरों की सेवा के लिए सक्रिय जीवन जीने का मार्ग है।

उन्होंने हमें बताया कि हमारी आध्यात्मिक यात्रा इस प्रश्न का उत्तर देने का एक प्रयास है कि ''जीवन क्या है?'' यहाँ इग्नासियस का उत्तर हैः हमारे दिलों के लिए ईश्वर का दर्शन, हमारे दिमागों के लिए नहीं। यह सृष्टिकर्ता का एक अति प्रचुर दाता के रूप में चित्रण है। वह उपहार देता है जो हमारी ओर से प्रतिक्रिया को बुलाता है, कृतज्ञता और प्रेम में खुद को उसके पास वापस करने का एक स्वतंत्र विकल्प है। यह एक ऐसा दर्शन है जिसका जवाब केवल एक हृदय ही दे सकता है। दैनिक परीक्षा दिन की घटनाओं पर प्रार्थनापूर्ण चिंतन की एक तकनीक है ताकि ईश्वर की उपस्थिति का पता लगाया जा सके और हमारे लिए उनकी दिशा को समझा जा सके।

संगोष्ठी के दूसरे दिन में इग्निसियस शिक्षा के साथ-साथ हम विद्यालय को और ऊँचाइयों तक कैसे पहुँचाया जा सकता है , के बारे में विशेष चर्चा हुई। दोनों दिनों के संगोष्ठी को तीन-तीन सत्रों में विभाजित किया गया था। इस संगोष्ठी में शिक्षकों की भूमिका काफी सराहनीय एवं सक्रिय रही। शिक्षकों ने आत्म चिंतन करते हुए अपने आप को पूरी मज़बूती के साथ संस्थान को आगे बढ़ाने के लिए एवं छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए हर संभव कोशिश करने का प्रण लिया। ग्रीष्मावकाश की समाप्ति तथा विद्यालय में कक्षाओं के प्रारंभ होने से पूर्व यह संगोष्ठी संपूर्ण शिक्षकवृन्द के लिए एक ताजगी , उत्साह , प्रेरणादायक , समर्पण , द्दढ़ता , सकारात्मकता एवं आत्मविश्वास जगाने का अति उत्तम एवं प्रशंसनीय प्रयास रहा।

## आरएमपी में सीमित स्थान में सुरक्षा विषय पर कार्यशाला



**बोकारो ।** बीएसएल के आरएमपी विभाग में सीमित स्थान विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस कार्यशाला में महाप्रबंधक आरएमपी एस के दास तथा आरएमपी और सेफ्टी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं ठेका कर्मी उपस्थित थे. वरीय प्रबंधक यांत्रिक शिशिर कुमार ने इस विषय पर एक प्रस्तुतीकरण द्वारा विस्तृत जानकारी दी. एस के दास ने सभी से सीमित स्थान से जुड़े सेफ्टी एवं खतरों के प्रति हमेशा सजगता बरतने का सुझाव दिया. कार्यशाला में इस विषय पर गहनतापूर्वक चर्चा की गई. उपस्थित सभी के विचार एवं प्रश्नोत्तरी के साथ कार्यशाला समाप्त हुआ.

## रेलवे कर्मचारी के घर से 15 लाख रुपए के जेवरात सहित कीमती सामान की चोरी

**बोकारो।** बोकारो रेलवे स्टेशन के रेलवे कॉलोनी के आवास संख्या डीएस वन 5 सी से शुक्रवार रात चोरों ने 15 लाख रुपए की गहने की चोरी कर ली। घटना बालीडीह थाना क्षेत्र की बतायी जा रही है। मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है।



घटना के बारे में मकान मालिक राजकिशोर झा ने बताया कि वे पेशे से रेलवे ऑपरेटर हैं जो नाइट शिफ्ट में ड्यूटी चले गए थे। जब वे सुबह लौटे तो उनके आवास का मुख्य गेट के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था तथा घर के अंदर समान बिखरा पड़ा था।

गोदरेज में रखे गए गहने गायब थे। उन्होंने इस घटना की सूचना बालीडीह पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि पुलिस को खबर लिखे जाने तक कोई सफलता नहीं मिल पाई है थी ,

बतातें चले कि बोकारो रेलवे आवासीय कॉलोनी में आए दिन चोरी की लगातार घटनाएं घटित हो रही है। चोर रेलवे प्रशासन और बालीडीह पुलिस के लिए चुनौती बनती जा रहीं है। चोरी की घटना के संबंध में पुलिस ने कुछ भी बताने से इंकार कर दिया है।

# बीएसएल में स्टील उत्पादन प्रक्रिया में स्क्रैप के विकल्प के रूप में स्लज ब्रिक्स का उपयोग

**बोकारो ।**

बोकारो स्टील प्लांट बीएसएल ने सेल के रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर फॉर आयरन एंड स्टील आरडीसीआईएस के सहयोग से सस्टेनेबल स्टील उत्पादन की दिशा में एक बड़ी पहल करने में सफलता हासिल की है. बीएसएल के निदेशक प्रभारी बी के तिवारी, अधिशासी निदेशक मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य राजन प्रसाद तथा अधिशासी निदेशक आरडीसीआईएस, रांची संदीप कर के नेतृत्व में आरडीसीआईएस और बीएसएल की संयुक्त टीम ने इस्पात उत्पादन प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न होने वाले मिल स्केल और स्लज जैसे उच्च लौह युक्त अपशिष्टों को रिसाइकिल कर स्लज ब्रिक्स सफलतापूर्वक विकसित और निर्मित किया है. सेल में पहली बार और संभवतः इस्पात उद्योग में पहली बार 15 जून को स्लज ब्रिक्स को बीएसएल के स्टील मेल्टिंग शॉप एसएमएस क्क के कन्वर्टर्स में चार्ज किया गया. मिल स्केल और स्लज का पुनर्चक्रण सस्टेनेबल इस्पात उत्पादन के लिए काफी अहम माना जा रहा है.



उल्लेखनीय है कि इस्पात उत्पादन प्रक्रिया में स्क्रैप का इस्तेमाल आमतौर पर कूलेंट के रूप में किया जाता है. अधिकांश एकीकृत इस्पात संयंत्रों में नई तकनीकों को अपनाने और प्रक्रियाओं के अनुकूलन से इन-हाउस स्क्रैप की उपलब्धता में कमी आई है. एक तरफ आंतरिक स्क्रैप की कमी और दूसरी ओर बाहरी स्त्रोत से उपलब्ध स्क्रैप की उच्च लागत एक बड़ी चुनौती थी. इस पृष्ठभूमि में स्लज ब्रिक्स के निर्माण और एसएमएस-क्क में स्क्रैप के बदले इसके इस्तेमाल की पहल की गई. इन ₹ग्रीन ब्रिक्स ₹ ने परीक्षणों में बहुत उत्साहजनक परिणाम दिए हैं और उम्मीद जताई जा रही है कि स्लज ब्रिक्स जल्द ही बीएसएल में इस्पात उत्पादन प्रक्रिया का एक नियमित हिस्सा बन सकता है. इस अवसर पर बीएसएल के निदेशक प्रभारी बी के तिवारी ने कहा कि यह सफलता न केवल इस्पात उत्पादन की लागत को कम करने में मदद करेगी, बल्कि बीएसएल और अन्य सेल संयंत्रों के डी-कार्बोनाइजेशन और सर्कुलर इकोनॉमी के उद्देश्यों में भी मदद करेगी.

अरविंद कुमार सीजीएम एसएमएस क्कपीके बैसाखिया सीजीएम मेंटेनेंस एलएल मनोहर लाल, सीजीएम गुणवत्ता ए के मिस्त्री, सीजीएम आरडीसीआईएस बोकारो केंद्र दीप कुमार सक्सेना, जीएम बीएसएल पी मरांडी, जीएम बीएसएल पीएस मीना जीएम बीएसएल एनपी श्रीवास्तव जीएम ईसीएस संतोष कुमार, डीजीएम आरडीसीआईएस बोकारो, स्मिता टोप्पो, प्रबंधक आरडीसीआईएस बोकारो, एलएल अभिजीत दास, प्रबंधक, आरडीसीआईएस बोकारो चंदन कुमार, प्रबंधक आरडीसीआईएस बोकारो तथा आरडीसीआईएस और बीएसएल के अन्य टीम के सदस्य इस सफल परीक्षण में सक्रिय रूप से शामिल थे.

न्यूज़ अपडेट

## लगभग 15 दिनों से नल जल योजनान्तर्गत सवच्छ जल आपूर्ति बन्द है।

- **किशनगंज जिले की जनता में ग़मोगुस्सा का माहौल। पीएचईडी विभाग के पदाधिकारी और जिला पदाधिकारी सवच्छ जल आपूर्ति बहाल करने हेतु अनुरोध**

**किशनगंज।** किशनगंज जिला के अंतर्गत किशनगंज प्रखंड अंतर्गत चकला ग्राम पंचायत एवं देवसी ग्राम पंचायत के दर्जनों ग्रामों में जल नल योजना बिल्कुल ठप है इसके अंतर्गत होने वाले पीने का साफ पानी की आपूर्ति लगभग 15 दिनों से बंद है जिससे जनता को स्वच्छ जल नहीं मिलने से लोगों में गम और गुस्सा है केंद्र सरकार और बिहार सरकार के प्रति गलत धारणा पनप गया है केंद्र सरकार के सचिव और



अन्य संबंधित पदाधिकारी को ध्यान देने की आवशयकता पर जोर दिया गया है लोगों ने पीएचईडी विभाग के पदाधिकारी एवं किशनगंज जिला अधिकारी से स्वच्छ जल आपूर्ति करने का अनुरोध किया है।
पीएचईडी विभाग के द्वारा निम्नलिखित जानकारी दी गयी है।₹पेयजल की समस्या से जूझ रहे लोग इस नंबर पर 06224260320 संपर्क कर सकते हैं। आमजनों को नल-जल योजना को लेकर किसी प्रकार की समस्या या वार्ड में नल-जल योजना के तहत पानी नहीं मिल रहा है तो इस नंबर पर शिकायत कर सकते हैं₹

## गोलियों की आवाज़ से दहला सिदगोडा और भुइयांडीह एक अपराधी गिरफ्तार पुलिस की कारवाई जारी



**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के सिदगोड़ा थाना अंतर्गत कालू बगान में अपराधियों ने फायरिंग करके सनसनी मचा दी. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दो की संख्या में आए अपराधियों ने अचानक से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी , जिससे वहां से गुजर रहे एक बच्चा सहित दो लोग गोली लगने से घायल हो गए . दोनों घायलों में एक को ईलाज के लिये एमजीएम अस्पताल भेजा गया, वही दूसरा घायल को टीएमएच ईलाज के लिए भेजा गया है, दोनों को पैर में गोली लगी है, चिकित्सको के अनुसार दोनों की स्थिति खतरे से बाहर है.

इधर गोली चलाकर भाग रहे दोनों अपराधियों में एक को लोगों ने खदेड़कर दबोच लिया, और उसकी जमकर पिटाई की जिससे वो बुरी तरह से घायल हो गया. घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने बदमाश को एमजीएम अस्पताल पहुँचाया जहाँ उसका इलाज चल रहा है.

घटना में बताया जा रहा है की एक पुराने मामले में गवाही वापस लेने को लेकर और गोली चालन की घटना हुई है. फिलहाल पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है.

इधर पुलिस सिदगोडा में गोलीचालन मामले की जांच कर रही थी और इसी बीच सीतारामडेरा थानान्तर्गत भुइयांडीह दुर्गा पूजा मैदान में कार सवार बदमाशों ने हवाई फायरिंग किया और भाग निकले. स्थानीय युवक ने पुलिस को सूचना दी और मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के क्रम में घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया . फिलहाल मामले का पता नहीं चल पाया है. पुलिस छानबीन कर रही है.

## बकरीद पर्व को लेकर नारायणपुर थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक

**जामताड़ा।** नारायणपुर थाना परिसर में शनिवार को नारायणपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी मुरली यादव की अध्यक्षता में बकरीद पर्व को लेकर एक शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में इंस्पेक्टर मनोज कुमार महतों, थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद गुप्ता, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष बीरबल अंसारी, समिती सद्स्य पवन पोद्दार, उपप्रमुख प्रतिनिधी दालगोविंद रजक, मुख्य रूप से उपस्थित रहें। इस दौरान पंचायतवार सभी 25 पंचायतों की समीक्षा की गई ।समीक्षा के दौरान प्रखंड क्षेत्र के गोकूला गांव में नमाज़ को लेकर नोक झोंक हुईं, दो पक्षों में जमीन विवाद को लेकर आपस में कहां सुनी हो गई। लंबे समय के बाद समझाने बुझाने के बाद तत्कालीन बीच का रास्ता निकालते हुए नमाज अदा करने की मंजूरी दी गई। समिति के सदस्यों एवं पदाधिकारियों के द्वारा लोगों को शांत कराया गया। आगे कहा की बिच का रास्ता निकालते हुऐ फिलहाल नमाज़ अदा करने की बात कही गई। वही मौके पर बीडीओ ने कहा की बकरीद का पर्व आ गया है प्रखंड क्षेत्र के सभी कोणों से लोग आए हुए हैं सभी ने अस्वस्थ किया है कि त्यौहार शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा इसके बावजूद भी प्रशासनिक तौर पर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है पूरे मुस्तैदी के साथ पर्व को लेकर तैयार हैं। वही सर्किल इंस्पेक्टर मनोज कुमार महतों ने बताया कि लोगों से अपील किया गया है कि किसी भी प्रकार की अफवाह ना फैलाएं, कोई भी जानकारी हो थाना को तुरंत दें हालांकि त्यौहार के दौरान पुलिस की पहली नजर पूरे प्रखंड क्षेत्र में बने रहेगी।

## फूलो-झानो जन कल्याण समिति 30 जून को चौका में हुल दिवस मनायेंगे, तैयारी में जुटे

**चांडिल।** चांडिल प्रखण्ड के चौका ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में क्रांतिकारी वीर फूलो-झानो जन कल्याण समिति 30 जुन को चौका में हुल दिवस मनाने को लेकर बैठ का आयोजन किया । समिति की ओर से महेंद्र नाथ टुडू के अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया था । चौका के फूलो झानो चौक सिंग डाहार में व्यापक और भव्य रूप से मनाने का बैठक में निर्णय लिया गया और 30 जून को होने वाले हूल दिवस को आदिवासी रीति रिवाज एवं पारम्परिक परिधान के साथ संथाल हूल दिवस मनाया जायेगा। मौके पर करमू मार्डी, रतन मार्डी, सत्य रंजन सोरेन, श्यामल मार्डी,कुनाराम बेसरा, डॉ सत्यनारायण मुर्मू, अनिमा टुडू इत्यादि शामिल हुए।

# पुलिस ने मायल, चितरपुर में तीन से चार घरों में हुए चोरी का किया उद्भेदन

### चोरी के सामान के साथ खरीदार भी आया पुलिस के गिरफ्त में







**रामगढ़।**

रजरप्पा मोड मायल चितरपुर में पिछले दिनों तीन से चार घरों में भेन्टीलेटर के सहारे घर में घुस कर अज्ञात चोरों के द्वारा पीतल का बर्तन एवं पूजा का समान तथा मोबाईल की चोरी कर ली गई थीं वहीं बुनियादी विद्यालय चितरपुर में लगे जलमीनार का सोलर प्लेट की चोरी कर ली गई थी जिसके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया था।पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के द्वारा काण्ड के उद्भेदन, घटना में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं चोरी गये समानों की बरामदगी हेतु अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में रक्ळ का गठन किया गया।पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशन में उक्त टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए काण्ड के उद्भेन हेतु तमाम तकनिकि एवं घटनास्थल के आस पास लगे सी0सी0टी0वी0 कैमरा का अवलोकन किया, अवलोकनोपरांन्त प्राप्त साक्ष्य के आधार पर दो संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया।सभी साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने दो को हिरासत में लेकर पूछताछ किया पकड़ाये दोनों संदिग्ध व्यक्ति से तकनिकी साक्ष्यों के आधार पर पूछ-ताछ किया गया तो दोनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया दोनों के निशानदेही पर घटना में चोरी गए समानो को बरामद किया गया। साथ ही इस घटना में चोरी गए समानों के खरीददार पवन कुमार उम्र लगभग 33 वर्ष पिता धनेश्वर प्रसाद चितरपुर सोनार मुहल्ला निवासी को भी चोरी के समानों के साथ गिरफ्तार किया गया है।

- **बरामद समानों की विवरणीः-**

1. पाँच केभीए का सोलर प्लेट -03 पीस ( बाजार मुल्य लगभग 75,000 हजार रुपया ) 2.वीवो कम्पनी का मोबाईल फोन-01 पीस 3.लेनोवो कम्पनी का मोबाईल फोन-01 पीस 4. व्व्ळ कम्पनी का मोबाईल फोन-01 पीस 5. टुल्लू पम्प-01 पीस 6. चोरी गए पीतल का बर्तन लक्ष्मी गणेश की मूर्ति

- **गिरफ्तार व्यक्ति का नाम व पता**

1. खुर्शिद आलम उर्फ बाबु उम्र लगभग 20 वर्ष पिता शहजादा आलम,मायल थाना- रजरप्पा, जिला-रामगढ।
2. पवन कुमार उम्र लगभग 33 वर्ष पिता धनेश्वर प्रसाद चितरपुर सोनार मुहल्ला थाना रजरप्पा, जिला-रामगढ हैं।

- **छापामारी टीम शामिल पुलिस पदाधिकारी/कर्मियों की विवरणीः-**

1. श्री परमेश्वर प्रसाद, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामगढ 2. श्री नवीन प्रकाश पाण्डेय, पु0नि0 सह थाना प्रभारी रजरप्पा थाना 3. पु0अ0नि अशोक कुमार, रजरप्पा थाना 4. पु0अ0नि0 रंजीत कुमार महतो, रजरप्पा थाना 5. पु0अ0नि0 निरंजन कुमार सिंह, रजरप्पा थाना 6. आ0- 177, श्याम सुनदर कुजूर 7. आ0-334, फुलचन्द महतो 8. आ0- 330, प्रेमचन्द यादव 9. आ0- 83, भानु प्रताप रजक।

## प्रचंड गर्मी से बचाव के लिए डालसा रामगढ़ द्वारा लोगों के बीच पानी बोतल और ओआरएस पैकेट का किया गया वितरण

**रामगढ़।**



चिलचिलाती धूप और बढ़ती तपिश के मद्देनजर झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार कर निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में शनिवार को डालसा रामगढ़ के सचिव, रामगढ़ प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग रामगढ़ के संयुक्त प्रयास से प्रचंड गर्मी को देखते हुए रामगढ़ के विभिन्न चौक चौराहों, ट्रैफिक पुलिस, सब्जी, फल तथा छोटे फुटपाथ विक्रेता, ऑटो ड्राइवर, रिक्सा चालक, दैनिक मजदूर एवं जरूरतमंदों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रामगढ़ के माध्यम से पानी बोतल तथा डफर पाउडर का लोगों में वितरण किया गया। गौरतलब हो कि पिछले कुछ दिनों से झारखंड के विभिन्न जिलों में भीषण गर्मी पड़ रही है। लू एवं प्रचंड गर्मी से प्रभावित लोगों को लेकर अलग अलग अखबारों में कई रिपोर्ट प्रकाशित हो रहे हैं। जिस कारण दैनिक मजदूर, खुले सार्वजनिक स्थानों पर काम करने वाले लोग, फूटपाथ पर रहनेवाले छोटे विक्रेता, यातायात पुलिस एवं अन्य लोग प्रभावित हो रहे है। डालसा सचिव श्री अनिल कुमार ने कहा कि बढ़ती गर्मी के कारण कड़ी धूप में काम करने से शरीर में पानी की कमी हो जाती है। गर्मी की वजह से होने वाली बीमारियों से सावधानी से बचा जा सकता है। बचाव के लिए अधिक से अधिक पानी पीना चाहिए। जिससे शरीर में पानी की कमी न हो। पानी की कमी होने से कई तरह की बीमारियां होने का खतरा रहता है।इस अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन कर 29 जून के होने वाले भूमि एवं राजस्व मामले के संबंधित विशेष लोक अदालत और 13 जुलाई को होनवाली राष्ट्रीय लोक अदालत की भी जानकारी दी गयी। कहा कि जरूरतमंदों के बीच राहत सामग्रियों का वितरण कार्य जारी रहेगा।

## बकरीद पर्व के मद्देनजर उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने बैठक का आयोजन किया,दिए गए कई आवश्यक दिशा-निर्देश

**रामगढ़।**



बकरीद पर्व के मद्देनजर उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया।उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों से पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन तथा इस दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर की गई तैयारियों की जानकारी ली जिसके उपरांत उन्होंने सभी को पर्व के दौरान सतर्क रहकर अपने अपने क्षेत्रों में हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। मौके पर उन्होंने पीसीआर एवं पैंथर की टीम को संवेदनशील क्षेत्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करने एवं किसी भी प्रकार की अफवाह सामने आने पर त्वरित इसकी जानकारी कंट्रोल रूम को देने एवं अफवाहों को दूर करने हेतु आवशयक कार्यवाही करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को पूरे पर्व के दौरान अलर्ट मोड पर रहकर कार्य करने का निर्देश दिया।पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी, उपयोग पर विशेष ध्यान देने सहित इस संबंध में किए जाने वाले कार्यों को लेकर आवशयक निर्देश दिए गए वहीं जिला पशुपालन पदाधिकारी के द्वारा भी सरकार द्वारा प्रतिबंधित पशुओं के संबंध में जारी दिशा निर्देशों को लेकर आवशयक जानकारियां दी गई।पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक में असामाजिक तत्वों व सोशल मीडिया पर विशेष धयान देने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी,सिविल सर्जन,जिला स्तरीय प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों,प्रखंड विकास पदाधिकारियों,अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## सुंदरनगर से पुलिस ने गिरफ्तार किया गांजा तस्कर साढ़े तीन किलो गांजा बरामद , भेजा गया जेल

**जमशेदपुर ।** सुंदरनगर थाना की पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को साढ़े तीन किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है . बरामद गांजा की कीमत बाज़ार में करीब डेढ़ लाख रुपये बताई जा रही है. इस बाबत ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने पत्रकारों को बताया की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी की सुंदरनगर थाना क्षेत्र से गांजा का कारोबार किया जा रहा है. सूचना का सत्यापन करने के बाद एक टीम गठित की गयी . सुंदरनगर में चेकिंग लगाई गयी थी इसी दौरान एक व्यक्ति पर संदेह होने पर उसकी तलाशी ली गयी तो उसके पास से 3.5 किलो गांजा बरामद किया गया . पुलिस अधीक्षक ने बताया की बरामद गांजा का बाज़ार भाव करीब डेढ़ लाख रूपए है . गिरफ्तार किया गया व्यक्ति पूर्व में भी जेल जा चूका है. पूछताछ में आरोपी ने बताया की उसका काम केवल माल को एक जगह से दुसरे जगह पहुँचाना है . इसके लिए उसे 15 हज़ार रुपये मिलते थे . पुलिस मामले की छानबीन कर रही है . आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है .

## बकरीद पर्व को लेकर डुमरी थाना में शांति समिति की बैठक



**डुमरी।** बकरीद पर्व शांति व सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शनिवार को डुमरी थाना में शांति समिति की बैठक हुई।अध्यक्षता डुमरी थाना प्रभारी प्रिनन ने की।बैठक में प्रमुख उषा देवी, पूर्व प्रमुख यशोदा देवी,सांसद प्रतिनिधि छक्कन महतो सहित पंचायत प्रतिनिधि,विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और क्षेत्र के दोनों समुदायों के लोग उपस्थित थे। बैठक में बकरीद को शांतिपूर्ण और सौहार्द के साथ मनाने पर लोगों ने अपने-अपने विचार रखे। साथ ही किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील की। कहा कि त्योहार लोगों को आपस में जोड़ने का काम करता है। बैठक में प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी नहीं करने, कुर्बानी दिए गए पशु का अपशिष्ट गड्ढे में दबा देने, सार्वजनिक स्थल पर कुर्बानी नहीं करने आदि का निर्देश दिया गया।बताया गया कि पर्व के दौरान विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर पुलिस बल तैनात रहेगी। अफवाह फैलाने और विधि व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त कानूनी कार्रवाई करेगी।
इस मौके पर मुखिया सुबोध यादव,बीजेपी के निर्मल जायसवाल, रामेश्वर महतो, नोशाद आलम, अंकित कुमार मो इम्तियाज अंसारी, इदु अंसारी आदि मौजूद थे।

## एकरारनामा बनाकर 31 लाख रूपये ठगी करने का आरोप, पुलिस से लगाई गुहार

**श्रमबिंदु /धनबाद ।**

जिले में मुनीडिह ओपी क्षेत्र के दूबराजडीह के रहने वाले अशोक कुमार सिंह से ज़मीन की ख़रीद को लेकर 31 लाख की ठगी करते हुए जान से मार देने व छेड़खानी के झूठे केस में फ़साने की धमकी देने की शिकायत की गई है।
अशोक कुमार सिंह ने शनिवार को अपने ऑनलाइन लिखित आवेदन में कहा कि ग्राम कुबाडीह, थाना धनबाद (झारखण्ड) सरिया, जिला गिरीडीह के रहने वाले अशोक यादव, विजय यादव और कैलाश यादव सभी पिता - सहदेव यादव, जिनसे मैं पूर्व से परिचित हूँ, क्योंकि वहाँ मेरी रिश्तेदारी है, ने कहा कि उनलोगों के पास सरिया में एक भूखण्ड जिसका खाता नं 1, प्लॉट नं 432, रकवा 5.91 एकड़ भूखण्ड है, जिसको वे बिक्री करना चाहते है, इसलिए हम चाहते है कि यह भूखण्ड आप ही खरीद ले।लिखा कि उनकी बातों में आकर मैने उनसे जमीन के कागजात की मांग की तब उपरोक्त लोग धनबाद स्थित मेरी आवास मुनीडीह पर आए और एक स्वर में भूखण्ड को निर्विवाद एवं साफ सुथरा बताया तथा लाभप्रद होने की बात कही, मैं भी उनकी बातों में आकर अपने साथी अभय कुमार सिंह, यशपाल सिंह और सुनिल कुमार सिंह के साथ जाकर भूखण्ड देखा तो ठीक-ठाक लगा। उसके बाद उक्त तीनों ने अन्य रैयतों से मुलाकात करवाया, जिसमें कार्तिक पाण्डेय, पिता स्व विश्वनाथ पाण्डेय, साकिम चौधरीबाँध, पो सबलपुर,कंचन कुमारी पति कैलाश कुमार यादव, साकिन कुबाडीह, पो वागेडीह, पंकज कुमार सिंह पिता रघुनाथ सिंह, सा०-मडिलाडीह, पो मंदरामो, शारदा कुमारी पिता रघुनाथ सिंह सा मझिलाडीह, पो मंदरामो, श्रीमती सरिता कुमार पति शैलेन्द्र कुमार, साकिन मंझिलाडीह, पोमंदरामो, आकाश सिन्हा पिता मुरली मनोहर साकिन बागोडीह, संगीता कुमारी पति सुरेश भारती, साकिन चौधरीडीह, पो सबलपुर,हरिहर प्रसाद सिंह, पिता स्व नन्दलाल सिंह, साकिन मडिलाडीह, पो मंदरामो, सहदेव यादव, पिता स्व० मंगर गोप साकिम कुबाडीह, पो बागोडीह, सभी थाना सरिया, जिला गिरीडीह, ने अपनी-अपनी सहमति जताई कि वो अपनी जमीन मुझे देने को तैयार है, इसलिए उनकी बातों में आते हुए जमीन खरीद बिक्री के बात को मैंने आगे बढ़ाया और उपरोक्त सभी लोगों को धनबाद मुनीडीह स्थित मेरे आवास पर आने को बोला क्योंकि उन सभी को अग्रिम राशि स्वरूप 11,00,000/- रूपये देने की बात तय हुई थी। उपरोक्त सभी लोग 17.12.2022 को पीड़ित के उपरोक्त पते पर आए जहाँ पर उसी दिन एक एग्रीमेन्ट निष्पादित हुआ। लेकिन उपरोक्त लोगों में से कुछ रैयत कुछ जरूरी कारण बताते हुए नहीं आ सके। आए हुए लोगों का कहना था कि हम मिलकर बाकी लोगों का हस्ताक्षर करवा लेंगे, आप विश्वास बनाये रखिए । तत्पश्चात एग्रीमेन्ट निष्पादित हुआ और अग्रिम स्वरूपम उन्होंने 11 लाख रूप्या आए हुए उपरोक्त लोगों कार्तिक पाण्डेय, पिता स्व विश्वनाथ पाण्डेय, साकिन चौधरीबाँध, पो० सबलपुर,कंचन कुमारी पति कैलाश कुमार यादव, सा कुबाडीह, पो वागेडीह, पंकज कुमार सिंह, पिता रघुनाथ सिंह, साकिन मझिलाडीह, पो मंदरामो, हरिहर प्रसाद सिंह, पिता स्व नन्दलाल सिंह, सा०-मझिलाडीह, पो मंदरामो को नगद रूप से गवाहों के समक्ष दिया तथा शेष रकम धीरे-धीरे काम बढ़ने के साथ देना तय हुआ । 11 लाख रूपये प्राप्त करने के बाद उपरोक्त लोगों ने उक्त भूखण्ड से संबंधित दस्तावेज की छायाप्रति उन्हें दिया तथा यह भी आश्वासन दिया कि जल्द ही अन्य रैयतों से आपस में विचार-विमर्स कर उनका हस्ताक्षर भी एग्रीमेन्ट पेपर पर करवा देंगे तथा उक्त भूखण्ड का समतलीकरण कर उस पर जल्द से जल्द चाहर दिवारी का निर्माण भी करवा देंगे ।
यह कि कुछ महिनों के दौरान पीड़ित ने उपरोक्त लोगों से कंचन कुमारी,कार्तिक पाण्डेय एवं सहदेव यादव ने उन्हें बरगलाते एवं उकसाते हुए कुल 31,00,000/- रूपये उक्त उक्त भूखण्ड के एवज में प्राप्त किया, किन्तु जब जमीन की रजिष्ट्री एवं कब्जा दिलाने की बात की तो उक्त लोग टाल-मटोल करने लगे। उनलोगों को फोन के माध्यम से भी सम्पर्क कर एवं सरिया जाकर भी बार-बार समझाया पर वे लोग कुछ ना कुछ बहाना करके बात को टालते रहे ।
यह कि, दिनांक 26.06.2023 को जब , अभय कुमार सिंह, यशपाल सिंह, औश्र सुनिल कुमार सिंह के साथ सरिया गया एवं उपरोक्त सभी लोगों से सम्पर्क कर जब जमीन का कब्जा एवं रजिष्ट्री करने की बात की तो उपरोक्त सभी लोगों के साथ अशोक यादव, विजय यादव और कैलाश यादव उनसे एवं उनके साथियों से उलझने लगे तथा धमकी दिया कि पैसा वापस नहीं देंगे जमीन को भूल जाओं, नहीं तो यहीं जान से मार कर लाश को गायब कर देगें तथा छेडखानी का केस कंचन कुमारी से करवाकर जेल भेजवा देंगे ।
लिखा कि वेसब किसी तरह से वहां से जान बचाकर निकलकर धनबाद वापस आए उसके बाद जब सरिया के अन्य लोगों से जमीन के संबंध में पूछताछ किया तो पता चला कि इनलोगों को उक्त जमीन पर कोई अधिकार नहीं है, जिससे यह स्पष्ट होता है जो दस्तावेज इनलोगों ने मुझे दिखाया था वो फर्जी था तथा उपरोक्त सभी लोगों ने पूर्व से सब कुछ जानते हुए एवं मिलजुल कर फर्जी कागजात को सही बताकर धोखे से एवं बैईमानी से मुझसे 31,00,000/- रूपये की ठगी कर ली, जो कि अमानत में ख्यानत है। उपरोक्त लोगों ने बैइमानी पूर्वक आशय रखते हुए तथा इनलोगों के आचरण से यह दर्शित होता है कि वे लोग अपराधिक षड़यंत्र करके प्रारंभ से छल करने का नियत था। इसलिए उपनलोगों ने मुझसे जमीन खरीदने हेतु उकसा कर मुझसे 31,00,000/- रूपये हड़प लिया था । उपरोक्त जमीन उनके नाम से विक्रय ना करके पैसा हड़प कर धोखा घड़ी किया।वकालतन नोटिस भी भेजा गया था पर उपरोक्त लोगों का कोई जवाब नहीं आया ।
ऑनलाइन आवेदन देते हुए लिखा कि उपरोक्त सभी लोगों पर जल्द से जल्द कठोर कार्रवाई कर न्याय प्रदान कराने की कृपा की गुहार लगाई है

स्वामी, शिव श्रीवास्तव के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक संतोष पाठक द्वारा फ्लैट नं. 4 ई नलिनी पैलेस, एलबर्ट कम्पाउंड पुरुलिया रोड, रांची 8340 01 से प्रकाशित तथा फारूकी तंजीम प्रेस चटर्जी कम्पाउन्ड बहुबाजार से मुद्रित।
संपादक संतोष पाठक *पीआरबी एक्ट के अनुसार समाचार चयन हेतु जिम्मेदार मो. 7979985594 ईमेल - shrambindujharkhand@gmail.com